आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 191 • कटनी • रविवार, 14 अगस्त, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष-3 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## हर महीने होगा बदलाव, अगले साल से प्रभावी हो सकता है नया प्रावधान

# अब बिजली की दरें भी डीजल-पेट्रोल की तर्ज पर बदलेंगी

**लखनऊ ,एजेंसी।** अब बिजली की दरें भी डीजल-पेट्रोल की तर्ज पर बदलेंगी। अंतर बस इतना होगा कि डीजल-पेट्रोल की दरों में रोजाना बदलाव होता है जबकि बिजली दरों में बदलाव हर महीने होगा। दरअसल, विद्युत उत्पादन गृहों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन जैसे कोयला, तेल और गैस आदि की कीमतों के आधार पर बिजली दरें तय की जाएंगी। इसकी वसूली उपभोक्ताओं से की जाएगी। इस नए प्रावधान के अगले साल के शुरुआत से प्रभावी होने की संभावना है।

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 176 के तहत 2005 में पहली बार विनियम बनाए थे। अब इसमें संशोधन की तैयारी है। इसके लिए विद्युत (संशोधन) विनियम 2022 का मसौदा जारी कर दिया गया है। दरअसल, संसद के मानसून सत्र में विद्युत (संशोधन) विधेयक 2022 के पारित न हो पाने के कारण सरकार ने विनियमों में संशोधन के जरिए इसके प्रावधानों को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के उप सचिव डी.



चट्टोपाध्याय की ओर से 12 अगस्त को सभी राज्य सरकारों समेत अन्य संबंधित इकाइयों को मसौदा भेजकर 11 सितंबर तक सुझाव मांगे हैं। मसौदे के पैरा 14 में यह प्रावधान है कि वितरण कंपनी द्वारा बिजली खरीद की धनराशि की समय से वसूली के लिए ईंधन की कीमतों के आधार पर हर महीने बिजली दरें तय की जाएंगी और इसकी वसूली उपभोक्ताओं से की जाएगी। बिजली कंपनियों की ओर से नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) के साथ दाखिल किए जाने वाले ट्रू-अप प्रस्ताव में बढ़ी दरों का समायोजन किया जाएगा। इसके लिए विद्युत मंत्रालय ने फॉर्मूला भी तय किया है। 11 सितंबर के बाद विनियम को अंतिम रूप देकर अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के 90 दिन बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। हाल ही में संसद में रखे गए विद्युत (संशोधन) विधेयक 2022 की धारा 61 (जी) में भी यह प्रावधान किया गया है कि बिजली कंपनियां पूरी आपूर्ति लागत उपभोक्ताओं से वसूल करेंगी। अभी जो व्यवस्था प्रभावी है, उसके अनुसार वितरण कंपनियां उत्पादकों के साथ 25-25 साल का विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) करती हैं। इसमें ईंधन की लागत बढ़ने पर उसकी वसूली का कोई प्रावधान नहीं है। दरअसल टेंडर की शर्तों में यह शामिल रहता है कि ईंधन की कीमत बढ़ने-घटने का आकलन करके उसे समायोजित करते हुए वितरण कंपनियों को बेची जाने वाली बिजली की दर इंगित की जाए।



## बिग बुल राकेश झुनझुनवाला का निधन

### 5000 रुपए के निवेश को पहुंचाया 18,000 करोड़ तक

**जबलपुर यशभारत।** शेयर बाजार के बिग बुल कहे जाने वाले वरिष्ठ निवेशक राकेश झुनझुनवाला का निधन हो गया है। 62 साल की उम्र में Rakesh jhunjhunwala ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली। बीते कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। Rakesh jhunjhunwala को शेयर बाजार में निवेश के कौशल के लिए जाना जाता था। शेयर बाजार के उनके टिप्स अक्सर चर्चा में रहते थे। कुछ लोग उनको भारत का वारेन बफेट भी कहते थे। शेयर बाजार का यह बेताज बादशाह जिस स्टॉक में हाथ डालता था, वह चलने लगता था। कम ही लोग जानते होंगे कि बाजार में झुनझुनवाला के गुरु या शिक्षक कौन हैं? इस बात का खुलासा खुद राकेश झुनझुनवाला ने बीते दिनों एक इंटरव्यू में किया था। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्होंने शेयर बाजार में निवेश की कला अपने पिता से सीखी थी। Rakesh jhunjhunwala का जन्म 5 जुलाई 1960 को हैदराबाद की एक मारवाड़ी फैमिली में हुआ था। बी कॉम और चार्टर्ड एकाउंटेंट की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने सिडेनहैम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स, मुंबई से उच्च शिक्षा हासिल की। बाद में देश के सबसे चर्चित निवेशक बन गए। अभी उनकी कुल संपत्ति 4.3 बिलियन थी।

Rakesh jhunjhunwala के बारे में कहा जाता है कि बचपन से ही इनकी रुचि निवेशक एवं शेयर बाजार में थी, जिसकी वजह से अपने शुरूआती दौर में इन्होंने बिजनेस में 5000 रुपया लगाकर, उसको 18,000 करोड़ तक पंहुचा दिया और भारत के सबसे अमीर हस्तियों में शामिल हो गए। राकेश झुनझुनवाला 'Rare Enterprises' के नाम से Stock Trading Firm चलाते थे। रेयर एंटरप्राइजेज के नामकरण के पीछे की कहानी भी दिलचस्प है। यह Ra(राकेश)Re(रेखा, उनकी पत्नी) के नाम के इनीशियल्स का मिश्रण है।

Rakesh jhunjhunwala काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री के साथ उनकी फोटो वायरल हुई थी, जिसमें झुनझुनवाला बैठे और मोदी ख? थे। उस समय ट्रोलर्स ने उसे बहुत तूल दिया। तब झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा की ओर से कहा गया था कि वह प्रधानमंत्री के आभारी और उनकी विनम्रता के कायल हैं, क्योंकि बीमारी के कारण राकेश उठकर खड़े होने में असमर्थ थे तो पीएम ने फोटो के लिए उन्हें बैठे रहने के लिए ही कहा और स्वयं खड़े रहे।



## आज शाम 7 बजे देश को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले यानी 14 अगस्त की शाम शाम 7 बजे राष्ट्रको संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के तौर पर राष्ट्र के नाम यह उनका पहला संबोधन होगा। मुर्मू (64) ने 25 जुलाई को देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वह शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन होने वाली सबसे कम उम्र की और पहली आदिवासी हैं। वह ऐसी पहली राष्ट्रपति हैं, जिनका जन्म देश की आजादी के बाद हुआ है।

## अमेरिकी सिंगर ने गाया- ओम जय जगदीश हरे

### 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मैरी मिलबेन लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली एजेंसी।** देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव के जश्न में डूबा है। 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में अमेरिकी गायक मैरी मिलबेन भी मौजूद रहेंगी। वे पहली अफ्रीकी-अमेरिकी कलाकार हैं जिन्हें विदेश मंत्रालय और इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन ने आमंत्रित किया है। 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए अमेरिकी सिंगर रविवार को भारत आ सकती हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भारत आने से पहले उन्होंने ओम जय जगदीश हरे गाकर देशवासियों का दिल जीत लिया।मीडिया से बात करते हुए अमेरिकी सिंगर ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की।





# 42 घंटे खुदाई कर बनाई चैनल

**धार ,एजेंसी।** धार जिले के गांव कोठीदा में कारम नदी पर निर्माणाधीन बांध को सुरक्षित करने का प्रयास शनिवार देर रात करीब एक बजे सफल होता नजर आया। बांध की बगल में 42 घंटे से बनाई जा रही चैनल से पानी की निकासी रात करीब एक बजे शुरू हो गई। मिट्टी के बांध के नजदीक से तैयार की गई चैनल से बड़ी मात्रा में पानी निकल रहा है। इस तरह की कवायद से बांध सुरक्षित है और पानी भी निकलता जा रहा है। हालांकि पानी की निकासी के लिए अभी भी व्यापक स्तर पर काम करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कारण यह है कि पानी बहुत कम गति से निकल रहा है। गनीमत यह है कि बारिश नहीं हुई है यदि बारिश होती तो इतना पानी निकलना एक सामान्य बात होती। फिलहाल संकट कम हुआ है। लगातार तीसरे दिन भी पानी के रिसाव से बांध के टूटने का जो खतरा बना हुआ था, उससे राहत जरूर मिली है। समानांतर चैनल खोदाई पर काम अनवरत जारी है, यह रविवार को पूर्ण करने का दावा किया जा रहा है। दरअसल, शनिवार सुबह से रिसाव बढ़ रहा था और बांध के पास पानी की निकासी के लिए जो चैनल बनाई जा रही थी, उसकी राह में सुबह करीब 11 बजे चट्टान आने से कार्य प्रभावित हो गया था। खतरे को देखते हुए शुक्रवार देर रात पहुंचे सेना के 200 जवानों ने व्यवस्था हाथ में ले रखी है। शनिवार को तीन बार सेना के हेलिकाप्टर से बांध स्थल का अवलोकन भी किया गया। धार-धामनोद समेत स्थानीय मार्गों को प्रशासन ने बंद रखा है। हालांकि, आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग को शुरू कर दिया गया है।

**आधी रात को बांध से पानी की निकासी शुरू ,फिलहाल संकट कम हुआ**

## स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी हमले को लेकर IB का हाई अलर्ट

## देश में पहले ही पहुंच चुके हैं काफी हथियार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ देश भर में आजादी की 75वें सालगिरह मनाने की तैयारी हो रही है, तो इसी दिन आतंकी संगठन भी देश का दहलाने का प्लान कर रहे हैं। खास तौर पर राजधानी दिल्ली उनके निशाने पर है। ढ्ढक्च ने आतंकियों की गतिविधियों और अपने सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर दिल्ली में हाई अलर्ट जारी किया है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक आतंकियों ने आजादी की प्लैटिनम जुबली सेलिब्रेशन को टारगेट करते हुए कई प्लान बनाये हैं। परेशानी की बात है कि सीमा पर तमाम सावधानी के बावजूद काफी मात्रा में हथियार भारत पहुंच चुके हैं। ऐसे में देश के कई हिस्सों में आतंकी हमलों की आशंका बढ़ गई है।आईबी के मुताबिक पाकिस्तान बॉर्डर के रास्ते पंजाब से होते हुए ड्रोन के जरिए कई ढ्ढश्वष्ठ भारत के अलग-अलग शहरों में पहुंच चुके हैं। पिछले दिनों पंजाब और अलग-अलग राज्यों में गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में पता चला कि आतंकी संगठन ड्रोन के जरिये काफी सारा ढ्ढश्वष्ठ भारत में भेज चुके हैं। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों ने ड्रोन के जरिए घातक हथियार जिसमें पिस्टल, हेंड ग्रेनेड औरञ्च47 जैसे हथियार भारत में भेजा है। कुछ हथियारों को बीएसएफ ने पकड़ा था, लेकिन बावजूद काफी हथियार भारत के कई शहरों में पहुंच चुके हैं।

## सीतारमण बोलीं- वित्तीय हालात की समीक्षा के बाद ही मुफ्त उपहारों की घोषणा करें राज्य सरकारें

**बेंगलुरु एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ''मुफ्त उपहार'' देने वाले राज्यों से शनिवार को कहा कि वे अपनी वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के बाद ही लोगों को मुफ्त सुविधाएं मुहैया कराएं और उसके अनुसार ही बजटीय प्रावधान करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुफ्त की रेवड़ी बांटने के बयान देने के बाद सीतारमण ने कहा कि मुफ्त सुविधाओं को लेकर बहस शुरू होना अच्छा है। सीतारमण ने बेंगलुरु में भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक संवादात्मक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आप कोई वादा कर सकते हैं। मान लीजिए कि जब कोई राज्य सरकार कोई वादा करती है और लोगों को कुछ सुविधाएं मुफ्त में देने की बात कहती है। यह बिजली हो सकती है, यह कुछ और भी हो सकती है। मैं यह नहीं कह रही हूं कि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए, लेकिन अपनी वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के बाद ही ऐसा करें। आपने चुनाव के दौरान वादा किया और आप जीत गए, सरकार में वापस आएं।

## मंडला एसपी यशपाल सिंह राजपूत को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार

**मंडला ,यशभारत। मध्य प्रदेश के लालपुर में 12 फरवरी 2021 को किए गए नक्सलियों के एनकाउंटर के मामले में मंडला पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।**



**सब इंस्पेक्टर सुशील पटैल, सब इंस्पेक्टर अंशुमान सिंह व आरक्षक अतुल शुक्ला को भी मिलेगा पुरस्कार**

बता दें कि मध्य प्रदेश से वह एकमात्र पुलिस अधीक्षक हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है ।

भारत सरकार से यह पुरस्कार पुलिस अधीक्षक को 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान भोपाल में मिलेगा। उन्होंने यश भारत को बताया कि 12 फरवरी 2021 को लालपुर मोतीनाला थाना क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी ,जिसमें 16-16 लाख रुपए के दो इनामी नक्सलियों मैनू और गीता को मार गिराया गया था और उनके पास से एसएलआर रायफल, थ्री नॉट थ्री राइफल, 12 बोर की बंदूक, वायरलैस सेट के साथ भारी मात्रा में कारतूस व असलहा मिला था। इसी मामले में मंडला पुलिस अधीक्षक के साथ सब इंस्पेक्टर सुशील पटैल, सब इंस्पेक्टर अंशुमान सिंह व आरक्षक अतुल शुक्ला को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## दलित स्टूडेंट की जमकर पिटाई, नस फटने से मौत



### 9 साल के बच्चे ने टीचर की मटकी को छुआ था:आरोपी हिरासत में

**जालोर एजेंसी।** राजस्थान के जालोर जिले के सायला थाना क्षेत्र के सुराणा गांव में एक दलित छात्र ने स्कूल में पानी की मटकी क्या छू ली, टीचर ने उसे इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। पिछले करीब 24 दिन से बच्चे का अहमदाबाद में इलाज चल रहा था। इससे पहले उदयपुर में भी इलाज चला था। पिता का आरोप है कि 20 जुलाई को तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले उनके 9 साल के बेटे इंद्र मेघवाल ने पानी की मटकी को छू ली थी। इसके बाद टीचर छैल सिंह ने इतनी पिटाई की थी कि उसकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।बच्चे के पिता देवाराम ने बताया कि स्कूल में जातिवाद के नाम पर मेरे बेटे की पिटाई की गई। सामान्य दिनों की तरह 20 जुलाई को भी इंद्र स्कूल गया था। सुबह करीब साढ़े दस बजे उसे प्यास लगी। उसने स्कूल में रखी मटकी से पानी पी लिया। उसे नहीं पता था कि यह मटकी स्कूल के टीचर छैल सिंह के लिए रखी गई है। इससे सिर्फ छैल सिंह ही पानी पीते हैं। छैल सिंह ने इंद्र को बुलाया और जमकर पीटा। इतना पीटा की उसकी दाहिनी आंख और कान पर अंदरुनी चोटें आईं। छैल सिंह ने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया।

## बीड में कार और टेम्पो की टक्कर, एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत


**बीड, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना मंजरसुम्बा-पटोदा राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। पुलिस के मुताबिक केज तहसील के जीवाचीवाड़ी गांव का एक परिवार कार से पुणे जा रहा था, तभी उनकी गाड़ी और टेंपो एक-दूसरे से टकरा गए। इस हादसे में परिवार के 5 सदस्यों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों को अलग करने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ा। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

## मुर्दाबाद के नारे सुनकर गुस्से से लाल हुई पूर्व मंत्री इमरती देवी

## बोलीं-मार मार के राइट कर देंगे

**ग्वालियर,एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाली कट्टर सिंधिया समर्थक और पूर्व मंत्री इमरती देवी का एक बार फिर वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें पूर्व मंत्री इमरती देवी दौरान अपने दौरे के दौरान गाली देती नजर आ रही है।अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरे के दौरान जैसे ही वह अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से उतरती है,तो दूसरी तरफ से उनके मुर्दाबाद के नारे लगाए जाते हैं। जिससे इमरती देवी अपना आपा खो देती है और एकदम से चिल्ला बैठती हैं, साला कौन है,पकड़ो इसे, मारो डंडे इसमें।बताया जा रहा है पूर्व मंत्री इमरती देवी अपनी विधानसभा डबरा तहसील की पिछोर इलाके में भ्रमण करने के लिए पहुंची थी।इसी दौरान रास्ते में नाराज लोगों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे।यह सुनते भी एक पूर्व मंत्री इमरती देवी गुस्से से लाल हो गई और उन्होंने लोगों को जमकर गाली गलौज दे डाली।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।बता दे पूर्व इमरती देवी अपनी विवादित भाषा को लेकर हमेशा चर्चा में रहती है। आए दिन उटपटांग बयान भी देती है।





## हम अहिंसा के पुजारी हैं दुर्बलता के नहीं...

**मुंबई , एजेंसी।** संघ प्रमुख मोहन भागवत रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में उत्तीष्ट भारत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के अस्तित्व में एकता है। उन्होंने कहा, हम अलग दिख सकते हैं। हम अलग-अलग चीजें खा सकते हैं, लेकिन हमारे अस्तित्व में एकता है। उन्होंने कहा, हमारे आगे बढ़ने से दुनिया भारत से सीख सकती है। मोहन भागवत ने भारत2047 माई विजन माई एक्शन पर कहा, पूरी दुनिया विविधता के प्रबंधन के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा, जब विविधता को कुशलता से प्रबंधित करने की बात आती है तो दुनिया भारत की ओर इशारा करती है। दुनिया विरोधाभासों से भरी है, लेकिन प्रबंधन केवल भारत ही कर सकता है। संघ प्रमुख ने कहा, ऐसी कई ऐतिहासिक घटनाएं हुई हैं जो हमें कभी नहीं बताई गईं और न ही सही तरीके से सिखाई गईं। उन्होंने कहा, जिस स्थान पर संस्कृत व्याकरण का जन्म हुआ वह भारत में नहीं है।

## कुलगाम में एक पुलिसकर्मी शहीद

# स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकियों ने किया ग्रेनेड हमला

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को ग्रेनेड हमले में एक पुलिसकर्मी के शहीद होने की दुखद खबर आ रही है। कुलगाम के कैमोह में ग्रेनेड हमले की सूचना मिली, जिसमें पुंछ के मेंढर निवासी पुलिसकर्मी ताहिर खान घायल हो गए। कश्मीर पुलिस के अनुसार, उन्हें इलाज के लिए अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।कश्मीर पुलिस जोन के आधिकारिक हैंडल ने ट्वीट कर कहा, च्च्कल रात काइमोह (कुलगाम) में ग्रेनेड हमले की सूचना मिली थी। इस आतंकवादी घटना में पुंछ के एक पुलिसकर्मी ताहिर खान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जीएमसी अस्पताल (अनंतनाग) में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया और शहीद हो गए।आपको बता दें कि इस ग्रेनेड हमले से पहले



राजौरी जिले में सेना के शिविर पर दो आतंकवादियों द्वारा तड़के हमला किया गया था। इस हमले में चार सैनिक शहीद हो गए थे और जवानों ने दोनों आतंकवादियों को भी ढेर कर दिया था। दोनों आतंकवागी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (छ्वद्गरू) से संबंध रखते थे।

## जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े नदीम के नेटवर्क ने यूपी एटीएस की उड़ाई नींद, टीम के सदस्यों की तलाश तेज

लखनऊ, एजेंसी। सहारनपुर के गिरफ्तार किए गए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मोहम्मद नदीम ने यूपी एटीएस की नींद उड़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस से पहले उसका पूरा नेटवर्क ध्वस्त कर देने के लिए एटीएस की टीमें हर इनपुट के पीछे भाग रही हैं। उसके सभी संभावित सहयोगियों की तलाश तेज कर दी गई है। नदीम के अलावा आजमगढ़ से गिरफ्तार किए गए सबाउद्दीन आजमी को कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए एटीएस 16 अगस्त को कोर्ट में प्रार्थना पत्र देगी। प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार प्रशांत कुमार ने कहा कि नदीम विभिन्न स्थानों पर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी में था। वह कई तरह के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ा हुआ था, जिससे वह आतंकी घटना को अंजाम दे सके। नदीम का वर्ष 2018 में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के आतंकी हकीमुल्लाह से परिचय हुआ था।

## नीलिमा ❤ से

### आजादी का अमृत



आजादी का अमृत महोत्सव हर भारतीय मनायेगा शान से
घर घर लहराएगा तिरंगा गर्व गौरव और अभिमान से

गौरवान्वित हैं हम भारतीय, स्वतंत्र भारत की पहचान से
सरताज हिमालय प्रहरी बन कर खड़ा है जहां शान से

आजादी दिलायी जिन शूरवीरों ने अपने लहू की कुर्बानी से
नतमस्तक हैं हर हिन्दुस्तानी उन शहीदों के बलिदान से

एक ही राष्ट्र है सारे जहान में, कण-कण है सत्य अहिंसा के गुंजायमान से
जिसकी अमिट पहचान है संस्कृति परंपरा और संस्कार से

ना झुका है ना कभी झुकेगा, स्वाभिमान से लहराएगा तिरंगा आसमान में
गूंजती है धरती आसमाँ जय हिंद जय भारत के यशगान से

लहराता है तिरंगा यहाँ ज़न गण मन के गुणगान से
कोटि कोटि प्रणाम स्वतंत्र हवा में लहराते तिरंगे को सम्मान से !!!





- नीलिमा पाठक सामंतरे

# अच्छे दिनों की याद दिलाते ही एक हुए उम्र के चौथे पड़ाव में अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी

## नेशनल लोक अदालत में आपसी रजामंदी से निपटे कई प्रकरण

**कटनी, यशभारत।** रीठी तहसील के ग्राम भरतपुर निवासी एवं सेवानिवृत्त रेलकर्मी 76 वर्षीय हीरालाल विश्वकर्मा का ग्राम खिरहनी निवासी पत्नी 72 वर्षीय गोरीबाई से लगभग तीन साल से काफी तकरार चल रहा था। विवाद की वजह पिता का बड़े बेटे से तो मां का छोटे बेटे पर ज्यादा स्नेह होना व छोटी-छोटी बातों पर झगड़ना रहा है। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि वह न्यायालय की चौखट पर जा पहुंचा। 14 जनवरी 2022 से न्यायालय में दोनों वृद्ध दंपत्ति की पेशी चलने लगी। शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश भी इस मामले को देखकर कुछ समय के लिए हतप्रभ रह गए कि उम्र के चौथे पड़ाव में पति-पत्नी के बीच अनबन कैसी। यह समाज में बेहतर संदेश देने वाला मामला नहीं है। कुटुम्ब न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने मामले की सुनवाई शुरू की। पति-पत्नी से बातचीत शुरू की। दोनों को अच्छे दिनों की याद दिलाए हुए कहा कि जिस घर में चार बर्तन होते हैं तो आवाज आती है। इसका मतलब यह नहीं कि हम बर्तनों को ही अलग करने लग जाएं बल्कि उनको सहेजें। दंपत्ति को समझाया कि बच्चे भी आगे ऐसा करेंगे तो फिर उनका भी घर टूटेगा। काफी समय तक चली काउंसलिंग के बाद दोनों ने अपनी-अपनी गलती मानी और साथ-साथ रहने राजी हो गए। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश के समक्ष दोनों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और साथ-साथ रहने की कसमें खाईं और घर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान हीरालाल भी छोटे बेटे से किसी बात को लेकर नाराज चल रहे थे। जज के सामने बेटा संजय कुमार ने माफी मांगी पैर छुए और माता-पिता के साथ घर चले गए। इस मामले में काउंसलिंग पीएलवी मीना सिंह, जिला फैमली कोर्ट काउंसलर मुकेश कुमार द्विवेदी ने की।



### अब पेशी पर पेशी का सिस्टम खत्म-न्यायाधीश

प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है कि निर्धनता के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह जाए और सही समय पर न्याय मिल रहा है। न्याय मिलने में यदि देरी हो रही है तो यह अन्याय है। अब न्यायालयों में पेशी पर पेशी का सिस्टम खत्म हो गया है। अब केस लगते ही हर कार्रवाई की समय सीमा तय हो जा रही है। जल्द से जल्द मामले न्यायालयों में निपट रहे हैं। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, अंजू तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता व काउंसलर मौजूद रहे।

### जयमाला पहन कर खाई साथ रहने की कसमें



कुटुम्ब न्यायालय में ही एक और पारिवारिक विवाद का मामला पहुंचा। रीठी निवासी छोटी बाई पति भगवानदास पटेल के बीच कई दिनों से अनबन थी। डेढ़ साल से अलग रहने लगे थे। न्यायाधीश से छोटी बाई ने बताया कि पति उसके पास नहीं रहते, मां के पास चले जाते हैं। अनाज भी घर से नहीं लाते, बर्तन सहित गृहस्थी का सामान भी मां के यहां रख आए हैं, उसका ध्यान नहीं रखते। इस पर दोनों की प्रधान न्याशधीश ने काउंसलिंग की गई। जिसके बाद दोनों ने साथ रहने की कसमें खाईं और वरमाला के बाद घर के लिए चले गए। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार अग्रवाल भी पहुंचे और पति-पत्नी को समझाया। न्यायाधीश ने पति को दोबारा परेशान न करने व पत्नी का ख्याल रखने समझाइश दी।

### 23 खंडपीठों में हुई सुनवाई

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन, दिनेश कुमार गोटिया जिला न्यायाधीश/सचिव के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय कटनी, तहसील न्यायालयों विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा एवं अन्य विभागों में शनिवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। शुभारंभ अनिल कुमार अग्रवाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष ने समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ कटनी के पदाधिकारी, अधिवक्ता, कर्मचारियों की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन से किया। नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन, बिजली, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक समेत पक्षकारों के आपसी राजीनामे से प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालतों की कुल 23 खंडपीठों का गठन किया गया था।

### कई प्रकरणों का हुआ निराकरण

लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 6 हजार 652 प्रकरण रिफर्ड किए गए एवं न्यायालय के 3528 प्रकरणों को रिफर किया गया। प्री-लिटिगेशन में 2170 प्रकरण निपटे, जिसमें 2170 लोग लाभान्वित हुए। इन प्रकरणों में 60 लाख 20 हजार 327 रूपए की राशि अवार्ड की गई। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 987 प्रकरण निपटाए, जिससे 1379 लोग लाभांवित हुए। जिसमें एक करोड़ 44 लाख 72 हजार 200 रुपए अवार्ड की गई। पक्षकारों ने आपसी समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में अपने प्रकरणों का निराकरण करवाया।

### नगर निगम में भी हुआ लोक अदालक का आयोजन

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशन में चार स्थानों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नगर निगम परिसर, बस स्टैंड ऑडिटोरियम जोन क्रमांक एक, दुर्गाचौक खिरहनी जोन क्रमांक दो, उप कार्यालय माधवनगर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। राजस्व शाखा प्रभारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि जलकर-संपत्तिकरण के प्रकरणों में 29 लाख 91 हजार रुपए जमा हुए।

## सांसद वीडी शर्मा का आगमन कल, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आज 14 अगस्त की शाम कटनी आगमन हो रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष रामरतन पायल ने बताया कि श्री शर्मा कल 14 अगस्त को रात्रि 8 बजे कटनी पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में विश्राम के पश्चात 15 अगस्त को सुबह 7.30 बजे जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे। सुबह 8.30 बजे डॉ श्यामाप्रसाद मुख़र्जी चौक घण्टाघर में ध्वजारोहण के बाद 10.40 बजे सरस्वती स्कूल से आरम्भ तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दोपहर 12 बजे जाग्रति पार्क में ध्वजारोहण के बाद दोपहर 2 बजे मिशन चौक से स्टेशन तिराहे तक निकलने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा सायं 6.30 बजे नगर निगम आडिटोरियम बस स्टैंड में स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। समस्त भाजपा जनों से 15 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष जी के समस्त कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील जिला अध्यक्ष रामरतन पायल ने की है।




**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**

E-mail ID: - modgmkat@mp.gov.in

कमांक/70//खनिज/उ0प0/ 2021 कटनी, दिनांक 07/01/2022

**// सूचना //**

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री/श्रीमती मेसर्स लक्ष्य माइन्स एण्ड मिनरल्स, पार्टनर श्री मंयक अग्रवाल, वार्ड नंबर-14 राजीव गाधी वार्ड, कन्हैया हास्पिटल के पास, माई नदी बरही रोड कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.12.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है -

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा (हे. में) | भूमि का प्रकार निजी / अन्य भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | भगनवारा | 28 | 1.55 | भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | डोलोमाइट | |
| | | | 29/1 | 0.79 | | | |
| | | | 29/2 | 0.80 | | | |
| | | | 30/1 | 0.83 | | | |
| | | | 30/2 | 0.21 | | | |
| | | | 30/3 | 0.42 | | | |
| | | | 30/4 | 0.21 | | | |
| | | | 32/1 | 0.37 | | | |
| | | | 32/2 | 0.43 | | | |
| | | | 33 | 3.19 | | | |
| | | | 34 | 0.77 | | | |
| | | | 40 | 0.93 | | | |
| | | | 41 | 2.30 | | | |
| | | | 42 | 1.12 | | | |
| | | | योग- | 13.920 हे | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-15403/22

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी


## शहीद स्मारक से कल निकलेगी चुनरी यात्रा

### ध्वजारोहण के बाद होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी द्वारा विशाल तिरंगा चुनरी यात्रा का आयोजन आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कल 15 अगस्त को दोपहर 12 बजे से किया गया है। चुनरी यात्रा स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, सुभाष चौक, विश्वकर्मा पार्क, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, झंडा बाजारए सुक्खन चौक, शेर चौक, आजाद चौक, मिशन चौक, कोतवाली थाना, अहिंसा तिराहा से होते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद स्मारक पहुंचकर समाप्त होगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष अजय वर्मन, अध्यक्ष महिला विंग श्रीमती शहनाज बेगम एवं सचिव अरविंद गुप्ता ने शहर के समस्त नागरिकों से चुनरी यात्रा में शामिल होने की अपील की है। चुनरी यात्रा में सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, शालाओं के गुरूजनों, छात्र-छात्राओं, शासन - प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों एवं समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से पहुंचने की अपील की गई है। संगठन के सचिव अरविंद गुप्ता ने बताया कि इसके पहले शहीद स्मारक में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण होगा। इसके उपरांत सांस्कृतिक देशभक्ति संगीत कार्यक्रम 9.30 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया गया है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने निकाली तिरंगा रैली



**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों ए दुकानों और प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है। मध्यप्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी के जिलाध्यक्ष अनन्त कुमार तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर श्री मिश्रा की अपील के पालन में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों कार्यकारी अध्यक्ष एसण्के ण्पाठकए रामशंकर पांडे एनरेश पांडे, उमेश उपाध्याय, वीके मिश्रा, पीसी गुप्ता, एसपी वर्मा, राजेन्द्र परोहा, श्रीमती ऊषा दुबे, श्रीमती ऊषा अग्रवाल, पंचम लाल यादव, विजय तिवारी, बालकृष्ण पांडे, मदन चौरसिया, ओमप्रकाश तपा, जेपी हल्दकार, अशोक पांडे, इन्द्राज पांडे सहित अन्य सदस्यों के सहित स्टेट बैंक चौराहे से सुभाष चौक तक तिरंगा रैली निकालकर सुभाष चौक पहुंचकर महिला स्व सहायता समूह के स्टाल से तिरंगा लिया। पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अनन्त कुमार तिवारी ने सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध किया कि तिरंगा अभियान की सफलता हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगें।


**नीरज सिनेप्लेक्स में**



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
**लालसिंह चड्डा**
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 11 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




**रक्षाबंधन**
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 11 से
दोपहर 12.30, 4, 7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




**लालसिंह चड्डा**
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)**

पत्र क्रमांक 1794 /खनिज/2022 कटनी, दिनांक 02/08/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/ठाकुर वीरेन्द्र सिंह मिनरल्स प्रा0लि0 निवासी सतेन्द्र भवन रामनिवास सिंह मार्ग भट्टा मोहल्ला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02.09.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 5218 दिनांक 18.10.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निज़ी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | कटनी | गुबराधरी | 520 | 4.824 | शासकीय भूमि | मार्बल | |
| | | | कुल रकबा | 4.824 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

G-15410/22



**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**

कार्यालय पता - तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/1248/निविदा/ग्रायांसेवा/2022 जबलपुर, दिनांक 03/8/22

*संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/2022-23*

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यात्रिकी सेवा संभाग डिण्डोरी, कटनी, बालाघाट क्र. 01, नरसिंहपुर, सिवनी एवं जबलपुर के निम्नाकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यात्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यात्रिकी सेवा द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 04/01/2019 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है:- (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियाँ ऑनलाईन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नही की जायेगी।

विषय :- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के अंतर्गत ग्रेवल मार्ग एवं स्लेब कल्वर्ट का निर्माण कार्य के निम्नलिखित ग्राम में निर्माण कार्य

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | विकास खण्ड | सिस्टम टेण्डर नंबर | पैकेज क्रमांक | कार्य का नाम | पैकेज में सम्मिलित कार्यों की संख्या | सड़क की लंबाई (कि.मी. में) | निविदा लागत (PAC) (राशि लाख रुपये में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि (रुपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के अन्तर्गत) | आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | जबलपुर | कुण्डम | 2022_RES_214878_1 | 3301/2022-23 | कन्हेरी से मड़ईखुर्द एवं चौरई मखरार रोड से कन्हरपुरा | 2 | 3.68 | 76.81 | 76810.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 2 | जबलपुर | पाटन/शहपुरा | 2022_RES_214879_1 | 3302/2022-23 | पाटन शहपुरा रोड से चंदगवां एवं एन.एच. 12 से लम्हेटा | 2 | 2.70 | 54.80 | 54800.00 | 10000.00 | 08 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 3 | नरसिंहपुर | चिचली | 2022_RES_214880_1 | 3501/2022-23 | बरहाबाड़ा से पिपरिया | 1 | 3.75 | 73.48 | 73480.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 4 | कटनी | बड़वारा | 2022_RES_214881_1 | 4401/2022-23 | भगनवारा से बझौली, एन.एच.14 से वनहेरी, रोहनिया सांधी रोड से बम्होरी एवं कछारी रोड से झापी | 4 | 9.00 | 136.33 | 136320.00 | 12500.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 5 | कटनी | बहोरीबंद/विजयराघवगढ़/कटनी | 2022_RES_214882_1 | 4402/2022-23 | मोहनिया से महगवां, देवरकलां से बकठा, कटनी विजयराघवगढ़ मार्ग से जिजनोढ़ी एवं चाकाबायपास से घटखिरूआ | 4 | 5.42 | 95.80 | 95800.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 6 | बालाघाट-1 | वैहर | 2022_RES_214883_1 | 3801/2022-23 | पटवा से उमरझोला ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य | 1 | 3.00 | 64.18 | 64185.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 7 | डिण्डौरी | डिण्डौरी | 2022_RES_214884_1 | 4501/2022-23 | कुरकवारामाल से कुरकवारारैयत, चौरारैयत से चौरामाल एवं स्लेब कल्वर्ट निर्माण टिटहीनदी चौरारैयत से चौरामाल रोड | 3 | 2.76 | 134.28 | 134280.00 | 12500.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 8 | डिण्डौरी | अमरपुर/करनजिया | 2022_RES_214885_1 | 4502/2022-23 | खितौली से बीजारैयत, गोपालपुर रोड से भुसंडारैयत एवं स्लेब कल्वर्ट निर्माण गोपालपुर रोड से भुसंडारैयत | 3 | 4.56 | 93.95 | 93955.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 9 | सिवनी | लखनादौन | 2022_RES_214887_1 | 3701/2022-23 | लखनादौन नरसिंहपुर मुख्य मार्ग मे ग्राम परासिया से भानेरी | 1 | 6.50 | 156.31 | 15631.00 | 12500.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 10 | सिवनी | लखनादौन | 2022_RES_214888_1 | 3702/2022-23 | एन.एच. 7 से डोढ़ामाल, केरपानी से केरपानीरैयत एवं पहाड़गढ़ से बरपानी | 3 | 6.93 | 144.60 | 144600.00 | 12500.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |
| 11 | सिवनी | केवलारी/धनौरा | 2022_RES_214892_1 | 3703/2022-23 | केवलारी उगली मुख्य मार्ग से भोरगोंदी एवं गोरखपुर मुख्यमार्ग से मनोहरीमाल | 2 | 3.55 | 62.14 | 62140.00 | 10000.00 | 10 माह (वर्षाकाल सहित) | केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन | प्रथम |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates):

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publishing of Tender | 16.08.2022 (11:00AM) | 2 | Document Download/Sale Start Date | 16.08.2022 (11:00AM) |
| 3 | Document Download/Sale End Date | 27.08.2022 (5:30PM) | 4 | Technical Bid Submision End Date | 27.08.2022 (5:30PM) |
| 5 | Bid Opening Date | 30.08.2022 (11:00AM) | | | |

G-15439/22

दो गज की दूरी, मास्क ही जरूरी।

*अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर*

यश भारत

# सिटी न्यूज़

कटनी, रविवार, 14 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## महापौर प्रीति संजीव सूरी निगम कार्यालय में एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नवीन जल शोधन संयंत्र में करेगें ध्वजारोहण

कटनी, यशभारत। नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्रान्तर्गत निगम के सार्वजनिक भवनों स्मारक स्थलों शालाओं पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर परंपरागत रूप से 15 अगस्त 2022 दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे माननीय महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नगर पालिक निगम कार्यालय कटनी में तथा नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक नवीन जल शोधन संयंत्र - अमकुही कटनी में ध्वजारोहण करेंगे। नगर निगम के अन्य स्थलों अग्निशामक कार्यालय में अवकाश जायसवाल, साधूराम उ.मा.शला कटनी में एडव्होकेट मिथलेश जैन, प्राथमिक शाला रघुनाथ गंज श्रीमती अर्चना विनीत जायसवाल, के.सी.एस उ.मा.शाला में रमेश सोनी, के.एल.कनकने प्राथमिक शाला में संदीप राजाराम यादव गुडडू, शासकीय प्राथमिक शाला कावस जी वार्ड में उमेन्द्र अहिरवार ओमी, प्राथमिक शाला पुरैनी आधारकाप में श्रीमती नन्ही बाई तुलाराम गौंटिया, फिल्टर हाउस कटाए घाट में जयनारायण निषाद, गोल बाजार पार्क में सीमा अरविंद श्रीवास्तव, प्राथ. शाला कुठला में वंदना राजकिशोर यादव, प्राथमिक शाला पहरूआ सरला संतोष मिश्रा, प्राथमिक शाला नदीपार में ओमप्रकाश बल्ली सोनी, धंती बाई माध्यमिक शाला में नीतू कपिल रजक, स्वर्णकार प्राथमिक शाला मसुरहा वार्ड में शीला सोनी अज्जू, प्राथमिकशाला सावरकर वार्ड में राजेश भास्कर, शासकीय प्राथमिक शाला निषाद स्कूल एवं उमावि वेंकट वार्ड में बीना संजू बैनर्जी, प्राथमिक शाला बालक खिरहनी एवं प्राथमिक कन्या शाला खिरहनी में सुखदेव चौधरी, प्राथमिक शाला एन.के.जे किदवई वार्ड में फामीदा आफताब चोखे भाई, शासकीय उ.मा.शा एन.के.जे रागिनी मनोज गुप्ता, प्राथमिक शाला एन.के.जे लाल स्कूल में श्रीमती प्रभा गुप्ता राजू गुप्ता ध्वजारोहण करेंगी। प्राथमिक शाला अंबेडकर वार्ड मे संतोष शुक्ला, सामुदायिक भवन राजीव गांधी वार्ड प्रेमवती रजक डब्बू, ए.रविन्द्र राव उ.मा.शाला. पैरवी बिट्टू, गुलाबचंद प्राथमिक शाला में खुशबू अनुरूद्ध नारायण सोनी, यशोदाबाई पुत्री शाला में सुभाष शिब्बू साहू, पुरवार पुत्री शाला ईश्वरी पुरा वार्ड अजरा शाहीन, शासकीय कन्या शाला सिविल लाईन मौसूफ बिट्टू, प्राथमिक शाला मदन मोहन चौबे वार्ड श्रीमती सुशीला मिश्री लाल , शासकीय प्राथमिक शाला बरगवां शशिकांत तिवारी, आदर्श प्राथमिक शाला वंशस्वरूप वार्ड सुमित्रा रावत, माध्यमिक शाला सी.एल.पी वार्ड अलका अरूण पांण्डेय, प्राथमिक शाला मंगलनगर सुनीता कमलेश चौधरी, प्राथमिक शाला छपरवाह शकुंतला सोनी, शा.प्रा.शाला बिलगवां में अधिवक्ता मथुरा तिवारी, शा.प्रा.शाला टिकरिया लखेरा अधिवक्ता सुरेन्द्र गुप्ता, शा. प्रा.शाला खैबर लाईन केंप श्याम पंजवानी, शासकीय प्रा.शा. कैरिन लाईन कैंप ईश्वर बहरानी, शा.उत्कृष्ट उ.मा.शा.कैंप में सुमन राजू माखीजा, शा.प्रा.कन्या शाला रार्वट लाईन कैंप गोविंद चावला, प्राथमिक शाला झिंझरी महाराणा प्रताप वार्ड तुलसा गुलाब बेन, शा.प्र.शाला पड़रवारा विनोद लाला यादव, उपकार्यालय माधवनगर में राजकुमारी मिथलेश जैन., सामुदायिक भवन संजय नगर सरस्वती स्कूल के पास रेखा संजय तिवारी तथा शासकीय प्राथमिक शाला अमकुही मे संजू जीवन चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।



# आजादी के मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल





कटनी, यशभारत। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर फारेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। साथ ही देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल का आयोजन शनिवार को फारेस्टर प्लेग्राउंड के स्टेडियम में किया गया। फाइनल रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने ध्वजारोहण किया और उसके बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र बल ने हर्ष फायर किया और उसके बाद परेड कमांडर डीएसपी मुख्यालय शालिनी परस्ते की अगुवाई में जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, वन विभाग, होमगार्ड, एनीसीसी, स्काउट एंड गाइड के दलों ने परेड कर अतिथि सलामी दी। अधिकारियों ने परेड के बाद दल प्रमुखों का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान मध्यप्रदेश गान सहित आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल हुई। डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र सिंह धाकरे, एएसपी मनोज केडिया अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर ने ली परेड की सलामी

## निगमायुक्त ने दो कर्मचारियों को जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

कटनी, यशभारत। शासन निर्देशानुसार चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान एवं राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022 की आवश्यक तैयारियों हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निगम के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहने हेतु निर्देशित किया गया था। नगर पालिक निगम में उपयंत्री पद पर पदस्थ शैलेन्द्र प्यासी एवं उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक बघेल द्वारा बिना किसी सूचना व सक्षम अनुमति से मुख्यालय से बाहर रहने व मोबाईल फोन बंद रखने के कारण निगमायुक्त श्री धाकरे ने उपरोक्त कर्मचारियों के कृत्य को कर्मचारी आचरण संहिता के विरूद्ध मानते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। निगमायुक्त द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र में बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण क्यों न उक्त दिवसों के लिए अवैतनिक करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करनें का लेख किया जाकर तत्संबंध में सकारण जवाब 03 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है तथा विपरीत स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करनें हेतु आदेशित किया गया है।

## ग्राम पंचायत भुड़सा में निकाली हर-घर तिरंगा रैली





कटनी। 75वें आजादी का अमृत महोत्सव हर-घर तिरंगा रैली ग्राम पंचायत भुड़सा में निकाली गई। जिसमें लोगों को बताया गया की हम सब को 13अगस्त से 15अगस्त तक अपने घरों में दुकानों में एवं सुरक्षित स्थानों पे तिरंगे को फहराना है एवं इस बात का ध्यान रखना है कि हमारा तिरंगा जमीन से 8फिट या इससे अधिक की ऊंचाई पर होना चाहिए एवं कटा फटा और खराब नही होना चाहिए।



## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने कन्हवारा में निकाली तिरंगा यात्रा

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबंध प्रस्फुटन ग्राम कन्हवारा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हवारा एवं अनुभूति जन जागरण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हवारा के प्रांगण से होकर कन्हवारा बाजार का भ्रमण करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर कन्हवारा प्रांगण में पहुंची और पुनः ग्राम का भ्रमण करते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। छात्रों ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ. तेज सिंह केशवाल, बालमुकुंद मिश्र सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन आज

कटनी, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ कटनी द्वारा तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन आज 14 अगस्त रविवार को शाम 7 बजे से होटल राज पैलेस में किया गया है। समारोह में अध्यक्ष के रूप में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक कटनी मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्योति दीक्षित, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में पत्रकारों का भी सम्मान किया जाएगा। वन्दे मातरम गीत, शहीदों को श्रद्धांजलि एवं राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम समापन हीग। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई कटनी के अध्यक्ष आशीष सोनी, प्रदेश सचिव डॉ. सुरेंद्र राजपूत, जिला महासचिव राकेश तिवारी एवं कार्यक्रम प्रभारी अनुराग त्रिसोलिया ने समस्त आमन्त्रित जनों से तिरंगा सम्मान समारोह में पहुंचने की अपील की है।

## जायंट्स ग्रुप कटनी मार्बल सिटी ने किया तिरंगे झंडे का वितरण




कटनी, यशभारत। हमारे भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इसी उपलक्ष में पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न में पूर्णता रंग चुका है। इसी देशभक्ति के रंग में सराबोर जॉइंट्स ग्रुप कटनी मार्बल सिटी ने आजादी का जश्न हर घर तिरंगा अभियान के रूप में 13 अगस्त को मनाया। जायंट्स ग्रुप ऑफ मार्बल सिटी के सदस्य गणों ने संत नगर बस्ती में आर्थिक रूप से कमजोर एवं न्यूनतम शिक्षित वर्गो के बीच जाकर अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया एवं लोगों से ध्वज को सम्मान सहित अपने घरों में फहराने के लिए निवेदन किया। साथ ही ग्रुप के सदस्यों ने बस्ती के लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी एवं यह महोत्सव हमें क्यों मनाना चाहिए इसके बारे में जागृत किया। इस कार्यक्रम में विशेष रुप से बस्ती के पार्षद राजेश भास्कर एवं समस्त बस्ती वासियों का अतुलनीय सहयोग रहा। जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी से अध्यक्ष संचित जैन, दिलीप त्रिसोलिया, रंगेश गोयंका, सचिन गुप्ता, रजत जैन एवं प्रभांशु वैश्य सम्मिलित हुए।

## बरही में छात्रावास के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



बरही,यशभारत। देशभर में आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बरही में संचालित शासकीय अनुसूचित जाति नवीन कन्या छात्रावास की बालिकाओं ने तिरंगा जागरूकता यात्रा निकालते हुए हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे, हर-घर तिरंगा लहराएंगे का गगनभेदी नारा लगाते हुए बरही नगर में तिरंगा यात्रा का आगाज किया। छात्रावास अधीक्षक राधा सोनी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शासकीय बालक माध्यमिक स्कूल बरही द्वारा भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके स्कूल के छात्र हाथ में तिरंगा लेकर नारा लगाते हुए नगर का भ्रमण कर हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम की कड़ी में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिसमें रंगोली प्रतियोतिता, गीत, गायन, नाट्य के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी तरह आदिवासी बालक छात्रा के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। छात्रावास अधीक्षक कैलाश पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा छात्रावास से प्रारंभ होकर नगर भृमण करते हुए वायस छात्रावास में समापन किया गया।

## खिरहनी में ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

कटनी,यशभारत। जिले में अंकुर अभियान व हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को हुए आयोजन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसवाही के ग्राम खिरहनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पौधों का रोपण किया और हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता होए इसको लेकर स्थानीयजनों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने.अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। इस दौरान सरपंच हिमांशु त्रिपाठी, सचिव संजय द्विवेदी, पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### 16 से 22 अगस्त तक होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

कटनी, यशभारत। पंचायतराज संचालनालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक गांव में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं का आयोजन नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने बताया कि ग्राम सभाओं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, नल जल योजनाओं के रख रखाव की व्यवस्था, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुरक्षित जल के उपयोग को बढ़ावा देने, सहयोगिनी मातृ समितियों को विभाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर चर्चा, अडाप्ट एन आंगनबाड़ी कार्यक्रम, एकीकृत बाल संरक्षण योजना, हर घर जल कार्यक्रम, हर घर झंडा कार्यक्रम, अमृत सरोवर संरचना के रख रखाव व उपयोग सहित निर्धारित किए गए 22 एजेंडा में चर्चा



## तिरंगा अभियान के तहत तेवरी में भी तिरंगा यात्रा निकाली

तेवरी, यशभारत। हर घर तिरंगा अभियान के तहत तेवरी में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें विधायक प्रणय पाण्डेय, विजय शुक्ला, सुनील असाटी, पुलिस प्रशासन, छात्र छात्राओं सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनों की प्रमुख उपस्थिति रही। हाथों में तिरंगा झंडा लिए देश भक्ति नारे लगाए गए। साथ ही अक्षय असाटीएराजुल असाटी, अभिनीत मिश्रा, अतुल असाटी, अनिल खरे, शरद असाटी, मनोज कुशवाहा, लक्ष्मण मिश्रा, दीपक मिश्रा, मुनमुन जैन, सतीष गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, रवि झारिया, संजय जैन सहित अन्य साथियों की उपस्थिति रही।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज निकाला जाएगा कैंडल मार्च

कटनी, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कैंडल मार्च को लेकर अधिकारियों विभिन्न दायित्व सौंपे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त की शाम 8 बजे कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नागरिकों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम सहित महाविद्यालयों से इस कैंडल मार्च में सहभागिता की अपील की है। कैंडल मार्च मिशन चौक वार्डस्ले स्कूल के गेट के सामने से प्रारंभ होकर सिटी कोतवाली से स्टेट बैंक तिराहा होते हुए एमजीएम हास्पिटल चौराहे पर रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा के समक्ष समाप्त होगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे इस कैंडल मार्च का उद्देश्य अपने वीर सपूतों, स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करना है। जिन्होंने रक्त की अंतिम बूंद देकर हम सबको आजादी दिलाई है। आजादी की लड़ाई में कटनी के रणबांकुरों ने हंसते-हंसते अपनी जिंदगी न्यौछावर कर दी। कैंडल मार्च के माध्यम से कटनी के नागरिक अपने शहीदों का पुण्य स्मरण कर नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन



## छोड़ें बुराई का रास्ता, यही है बहनों की कामना

कटनी,यशभारत। आज आप सभी बुराइयों की पिटारी भरकर उपहार हम लोगों को दें और अच्छे रास्ते पर चले जिससे कि पुन: इस जेल मे न आना पड़े उक्त आशय के विचार रक्षाबंधन के पूर्व झिंझरी जेल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विद्यालय राजयोग केंद्र की संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने बंदियों से कही। कार्यक्रम का शुभारंभ में ईश्वर के ध्यान से किया गया तत्पश्चात जेल अधीक्षक लीना कोष्टा जेलर समता तिवारी स्टाफ सहित लगभग चार सौ कैदियों और महिला कैदियों को राखी का पावन रक्षा सूत्र बांधा दुर्गा बहन भगवान भाई ज्योति किरण लक्ष्मी जयसवाल रानी शर्मा अंजू रेखा तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI

Mittal MALL

Paytm

bookmyshow

From 11th August 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# मध्य प्रदेश में अगले 48 घंटे में भारी वर्षा शुरू होने के आसार

## बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में बने चक्रवात के कारण मिल रही नमी

**भोपाल,यशभारत। वर्तमान समय में मानसून ट्रफ सतना से होकर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब तक विस्तृत है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब के क्षेत्र के तीव्र होने की संभावना बनी हुई है। यह आज डिप्रेशन में तब्दील हो सकता है। इसके पश्चिमी से उत्तर पश्चिम की तरफ आगे बढ़ने की संभावना रहेगी।**



इसके प्रभाव से पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में आगामी दो दिनों में भारी वर्षा हो सकती है। यह आने वाले दिनों में और आगे बढ़ सकता है, जिससे मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है। यह सब गतिविधियां 15 अगस्त से शुरू हो जाएगी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डा. ममता यादव ने बताया कि रविवार-सोमवार को प्रदेश के विभिन्न शहरों में काले बादल छाए रहेंगे। रुक-रुककर वर्षा भी जारी रहेगी, जैसी शनिवार को हुई। 15 अगस्त से भोपाल, नर्मदापुरम, होशंगाबाद, उज्जैन, इंदौर में भारी वर्षा होने के आसार हैं। संभावना है कि मौसम विभाग इन क्षेत्रों के लिए आरेंज अलर्ट जारी करे।वहीं मौसम विशेषज्ञ पी.के. साहा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में बने चक्रवात के कारण मिल रही नमी के कारण रविवार को रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। उधर शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सीधी में 28, दमोह में 13, नर्मदापुरम में आठ, रीवा व उमरिया में सात, शिवपुरी में छह, जबलपुर में 5.4, भोपाल में पांच, खजुराहो में चार, सतना में तीन, ग्वालियर, नौगांव व मंडला में दो, उज्जैन में एक, सागर में 0.4, इंदौर में 0.3, बैतूल में 0.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## शिवपुरी में सिंहनिवास हाईवे धंसका, बस्तियों में भरा पानी

शिवपुरी में मानसून काफी सक्रिय है और रात में मूसलधार बारिश हुई। बारिश की वजह से न केवल सिंहनिवास हाइवे क्षतिग्रस्त हो गया। बल्कि शिवपुरी शहर की निचली बस्तियों में भी पानी भर गया। बारिश का पानी लोगों के घरों के अंदर तक पहुंच रहा है। जिससे लोगों के लिए समस्या खड़ी हो गई। वहीं हाइवे के धसकने से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। शिवपुरी क्षेत्र में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है। बारिश के पानी से खेत, जंगल व शहर सभी लबालब हो गए हैं। सिंहनिवास हाईवे के चारों तरफ पानी भर गया। इसका असर यह हुआ कि हाइवे धंसक गया। हालांकि गनीमत यह रही कि किसी तरह की दुर्घटना नहीं हुई। हाइवे के धसकने से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। ट्रैफिक को अब हाइवे की एक लेन से ही निकाला जा रहा है। एक धसकने वाली लेन को बंद कर दिया गया है। साथ ही शहर की निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है।



# मंगलवारा में किन्नरों के भुजरिया जुलूस में आजादी का अमृत महोत्सव की दिखी झलक

**भोपाल, यशभारत।** भुजरिया पर्व पर शनिवार दोपहर मंगलवारा से पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच किन्नरों ने भुजरिया जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश भक्ति की झलक दिखाई दी। किन्नर तिरंगों को लहराते नजर आए। जुलूस में आगे-आगे कुछ किन्नर सिर पर भुजरिया रखकर चल रहे थे। वहीं कुछ अपनी अदाएं बिखेरते हुए चले रहे थे। इस दौरान मुस्कान,महक,पल्लवी, पूनम आदि किन्नर फिल्म अभिनेत्रियों की तरह आकर्षक वस्त्र पहनकर नृत्य कर लोगों का मनोरंजन कर रही थीं। कोई फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट, सारा अली खान अंदाज में सज-संवरकर जुलूस में शामिल हुई थीं। किन्नरों के साथ युवाओं ने सेल्फी ली। भीड़ अधिक होने से सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर युवाओं को पीछा हटाना पड़ा। इस बार किन्नरों का भुजरिया जूलूस भी परंपरागत तरीके से निकला गया। शनिवार को दोपहर बाद मंगलवारा व बुधवारा से ये जुलूस निकाला गया। दोनों जगहों से अलग-अलग जुलूस निकला। जोकि पीरगेट चौराहे पर मिलकर एक हो गया। किन्नरों का ये जुलूस यहां से दूध तलाई कर्बला पहुंचा। जहां भुजरियों का विसर्जन किया गया। उल्लेखनीय है कि भोपाल में नवाबी शासनकाल से ये किन्नरों का भुजरिया जुलूस निकाला जाता रहा है। इस जुलूस की खासियत यह है कि इसमें किन्नर फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस के गेटअप में निकलकर सड़कों पर डांस करती नजर आ रही थी। जिनको देखने के लिए भीड़ कई बार बेकाबू होती नजर आई। शनिवार को भी जाह्नवी कपूर आलिया भट्ट सारा अली खान अनन्या पांडे से लेकर करीना कपूर जैसी नामी अभिनेत्रियों के गेटअप में किन्नर सड़क पर फिल्मी गानों के साथ ठुमके लगाते हुए नजर आई।

## लोक अदालत में रिकार्ड वसूली

# एक दिन में जमा कराए गए 20 करोड़ रुपये

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड राजस्व वसूली की गई। एक दिन में नगर निगम के खाते में 20 करोड़ रुपये संपत्ति, जल व अन्य करों के रूप में जमा किए गए हैं। 18 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाते हुए बकाया टैक्स की राशि चुकाई है। बता दें कि इससे पहले निगम ने एक दिन में 21 करोड़ रुपये की वसूली की थी। नेशनल लोक अदालत के तहत सरचार्ज में 25 से 100 फीसदी तक छूट का फायदा लेने के लिए सुबह से ही शिविरों में उपभोक्ताओं की भी? लगना शुरू हो गई थी। वार्ड व जोन कार्यालयों में लोगों ने लाइन लगाकर टैक्स जमा किया। साथ ही लोगों ने चालू वित्तीय वर्ष का अग्रिम कर भी चुकाया। हालांकि कुछ स्थानों पर विवाद की नौबत भी बनी। नगर निगम के 85 वार्डों सहित 19 जोन कार्यालयों और 10 नागरिक सुविधा केंद्रों में वसूली शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक 18 हजार से ज्यादा बकायादारों ने 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम निगम खजाने में जमा कराई। गौरतलब है कि नगर निगम चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के टैक्स सरचार्ज में छूट दे रहा है, जबकि 31 अगस्त के बाद बकाएदारों पर 15 फीसदी की पेनाल्टी लगाई जाएगी।




### बिना नल कनेक्शन भेजा 15 हजार रुपये का बिल

वार्ड 70 के वार्ड कार्यालय में लगे लोक अदालत के शिविर में दोपहर विवाद की नौबत बन गई। नवाब कालोनी निवासी सैय्यद ममनून अहमद ने वार्ड प्रभारी से सवाल किया कि उनके घर में जब निगम ने नल कनेक्शन दिया ही नहीं, तो ये 15 हजार का बकाया का नोटिस क्यों भेजा। इस पर वार्ड प्रभारी का जवाब था, नोटिस आया है तो टैक्स जमा करना प?गा। जबकि उपभोक्ता का कहना था कि 1996 में नल कनेक्शन लगवाने के लिए आवेदन किया था। कनेक्शन फीस भी जमा कराई, लेकिन कनेक्शन नहीं दिया गया। तीन साल पहले नर्मदा कनेक्शन लिया, जिसे तीन महीने बाद काट दिया गया। अब 15 हजार रुपये बकाया का नोटिस थमा दिया। जब कनेक्शन ही नहीं है तो मैं टैक्स क्यों जमा करूं। कोर्ट जाऊंगा और दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग करूंगा। इस मामले में निगम अधिकारियों ने जांच कराने की बात कही है।

# स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारी के लिए शासकीय स्कूल में बच्चों से उखड़वाई मैदान की घास

**भोपाल, यशभारत।** स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारी के लिए शासकीय स्कूल में बच्चों से उखड़वाई मैदान की घास

भोपाल, नवदुनिया प्रतिनिधि। राजधानी के सभी स्कूलों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। हर तरफ हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली जा रही है। बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी कराई जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ कटारा हिल्स इलाके स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रई में शनिवार को स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को मनाने के लिए स्कूल में बच्चों से मैदान में उग आई घास, खरपतवार की साफ-सफाई कराई गई। छोटे-छोटे बच्चों से मैदान की घास उखड़वाई गई और साफ-सफाई करवाई गई। खासतौर पर तीसरी और चौथी कक्षा के बच्चों से परिसर में उगी जंगली घास की साफ-सफाई करवाई गई। जब इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया तो स्कूल प्रबंधन ने सफाई दी कि 15 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर

## कटारा हिल्स स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रई के प्राचार्य के खिलाफ बाल आयोग ने लिया संज्ञान!

विद्यार्थियों से श्रमदान कराया गया, ताकि बच्चे सामाजिक दायित्वों को समझें।बता दें कि इस सरकारी स्कूल का चयन सीएम राइज योजना के तहत किया गया है। प्राचार्य सबिहा अली ने कहा कि देश की खातिर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों से श्रमदान कराया गया। 15 अगस्त पर स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से शिक्षकों और विद्यार्थियों को श्रमदान के लिए लगाया गया था। इसमें छोटे बच्चों को नहीं लगाया गया था। कुछ छोटे बच्चे खुद ही लग गए थे। इस मामले की शिकायत मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पास पहुंची। आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच करने की अनुशंसा की है।

### परिसर में फैली गंदगी

इस स्कूल का चयन सीएम राइज योजना के तहत किया गया है, लेकिन अब तक परिसर को तैयार नहीं किया गया है, जबकि इन स्कूलों को तैयार करने के लिए पहले चरण में 12 से 16 लाख रुपये का बजट भी जारी किया गया है। इस स्कूल के परिसर में चारों तरफ लंबी-लंबी घास जंगल की तरह उगी हुई है। इसी में बच्चे खेलते हैं। वहीं स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही पशु भी अंदर प्रवेश कर जाते हैं। छोटे बच्चों से इस तरह से श्रम कराना गलत है। उनसे स्कूल परिसर में घास की कटाई कराई जा रही है। यह उनके अधिकारों का हनन है। इस वायरल वीडियो के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही की अनुशंसा करेंगे।

# निकली तिरंगा महारैली, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

**भोपाल,** ।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ञ्हर घर तिरंगाञ् अभियान चरम पर है। जगह-जगह देशभक्ति पूर्ण आयोजन हो रहे हैं। तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। ऐसी ही एक तिरंगा महारैली शहर में शनिवार 13 अगस्त को शुरू हुई, जिसका आज देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ की पूर्वसंध्या पर समापन होगा। पहले दिन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के नेतृत्व में लंबी वाहन श्रंखला के साथ 35 किमी की तिरंगा यात्रा निकाली गई। नरेला विधानसभा क्षेत्र में हेमा स्कूल अन्ना नगर से स्टेशन होते हुए विवेकानंद पार्क तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में वाहनों पर युवा हाथ में राष्ट्रध्वज थामे भारत माता की जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। यह तिरंगा महारैली प्रात: 10 बजे से अन्ना नगर से प्रारंभ हुई, जिसमें सभी युवाओं ने केसरिया रंग की पगड़ी पहनी हुई थी। सभी वाहन वार्डवार 3-3 की पंक्तियों में चल रहे थे।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में ध्वजारोहण करेंगे

**भोपाल, यशभारत** । स्वतंत्रता दिवस-15 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में ध्वजारोहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम रीवा में, 29 जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण और शेष 21 जिलों में जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री गोपाल भार्गव जबलपुर, मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा इंदौर में, मंत्री तुलसीराम सिलावट ग्वालियर, मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह नरसिंहपुर, मंत्री जगदीश देवड़ा उज्जैन, मंत्री बिसाहूलाल सिंह मण्डला, मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया देवास, मंत्री भूपेन्द्र सिंह सागर, मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे अनूपपुर, मंत्री कमल पटेल छिंदवाड़ा, मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत दमोह, मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सिंगरौली, मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग विदिशा, मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी सीहोर, मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया शिवपुरी, मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुना, मंत्री श्री ओम प्रकाश सकलेचा छतरपुर, मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर खण्डवा, मंत्री अरविंद भदौरिया रायसेन, मंत्री डॉ. मोहन यादव राजगढ़, मंत्री हरदीप सिंह डंग बड़वानी, मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव मंदसौर में ध्वजारोहण करेंगे।राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह मुरैना में, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार झाबुआ, राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल शहडोल, राज्य मंत्री राम किशोर (नानो) कांवरे पन्ना, राज्य मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव शाजापुर, राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ दतिया और राज्य मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया रतलाम जिला मुख्यालय पर ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। शेष 21 जिला मुख्यालयों निवाड़ी, हरदा, सतना, कटनी, डिण्डौरी, आगर-मालवा, नर्मदापुरम, खरगोन, भिण्ड, टीकमगढ़, धार, अशोकनगर, सिवनी, नीमच, उमरिया, बुरहानपुर, अलीराजपुर, श्योपुर, बैतूल, सीधी और बालाघाट में जिला कलेक्टर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।



# एक माह में 50 से अधिक दोपहिया वाहन चोरी



**भोपाल, यशभारत।** नगर निगम द्वारा आफ स्ट्रीट और आन स्ट्रीट पार्किंग निश्शुल्क होने के बाद से पार्किंग स्थल अव्यवस्था के शिकार होते जा रहे हैं। अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से यहां वाहन पार्क करने के लिए लोगों को जगह नहीं मिल रही है। आईएसबीटी, एमपी नगर, न्यूमार्केट समेत एक दर्जन पार्किंग स्थलों से बीते एक महीने में 50 से अधिक दो पहिया वाहनों के चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लेकिन शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुलिस शिकायत लेकर आगे की कार्रवाई नहीं करती है।

बतादें कि एक मई से नगर निगम द्वारा मल्टीलेवल और प्रीमियम पार्किंग को छोड़कर अन्य स्थानों को शुल्क मुक्त कर दिया गया था। 15 मई से नए वाहन खरीदने वालों से ये शुल्क एकमुश्त वसूला जा रहा है। नगर निगम सीमा में आने वाले डीलर व सबडीलर एकमुश्त पार्किंग शुल्क वसूलकर निगम में जमा करेंगे। जानकारों का कहना है कि पार्किंग ठेका देने के बाद भी नगर निगम ठेकेदारों से वसूली नही कर पाता था। इसलिए एकमुश्त पार्किंग शुल्क वसूलने की व्यवस्था की गई है। हालांकि इस नई व्यवस्था से नगर निगम को राजस्व तो पूरा मिल रहा है, लेकिन उपभोक्ताओं को ना तो निश्शुल्क पार्किंग स्थलों में गाड़ी खड़ी करने की जगह मिल रही और ना ही सुरक्षा की गारंटी। आइएसबीटी स्थित निगम मुख्यालय के पास उपभोक्ताओं के लिए बनाई गई स्मार्ट पार्किंग देखरेख के अभाव में बदहाल होती जा रही है।

## अकेले आइएसबीटी से 20 वाहन चोरी

अकेले आईएसबीटी से ही बीते एक महीने में 20 से अधिक दो पहिया वाहन चोरी हो चुके हैं। जिसमें चार से पांच लोगों के वाहनों के चोरी होने की एफआइआर दर्ज हो पाई है। जबकि अन्य मामलों में वाहन के कागज व अन्य दस्तावेज नहीं होने से थाने में शिकायत नहीं दर्ज हो पाती है। इसके अलावा न्यूमार्केट से छह, एमपी नगर जोन-टू से आठ व पुराने आरटीओ के पास बनी स्मार्ट पार्किंग से पांच वाहन चोरी होने की शिकायतें आई हैं। निगम की कमाई पूरी, उपभोक्ताओं को सुविधाएं अधूरी

## नि :शुल्क होने से बिगड़ी पार्किंग व्यवस्था

आटोमोबाइल डीलरों के अनुसार हर माह शहर में 40 हजार से अधिक दो व चार पहिया वाहन बिकते हैं। इस हिसाब से हर महीने नगर निगम को चार करोड़ रुपये एकमुश्त पार्किंग शुल्क मिल रहा है। लेकिन इन पार्किंग स्थलों पर रखवाली की जिम्मेदारी नहीं तय होने से लोगों के वाहन चोरी हो रहे हैं। उपभोक्ताओं को पार्किंग स्थलों पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पार्किंग शुल्क में छूट मिलने के बाद लोगों को वाहन चोरी का डर सताने लगा है। इसका मुख्य कारण इन स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों और सीसीटीवी नही लगे होना है।

## 40 साल पुरानी हो गई पाइप लाइन

# पुराने शहर में सीवेज लाइन टूटी, छोटे तालाब में मिल रहा गंदा पानी

**भोपाल, यशभारत।** एक ओर नगर निगम के सीवेज शाखा द्वारा तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ सीवेज नेटवर्क ठीक नहीं होने से इसका गंदा पानी छोटे तालाब में मिल रहा है। पुराने शहर के भोईपुरा, गिन्नौरी व बुधवारा समेत अन्य स्थानों पर जगह-जगह सीवेज की पाइप लाइन टूट गई हैं। इस सीवेज के पानी ने भोईपुरा में मौजूद भैरव बाबा मंदिर का रास्ता भी रोक दिया है। मंदिर जोने वाले लोग सीवेज के पानी से गुजर कर पूजा करने जाते हैं। लेकिन रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी यहां सीवेज लाइन की मरम्मत नहीं की गई। इससे एक तरफ लोगों की भावनाएं आहत हो रही है तो दूसरी ओर छोटे तालाब का पानी जहरीला होता जा रहा है। रहवासियों ने बताया कि भोईपुरा समेत आसपास के इलाके में 15 साल पहले पीएचई विभाग द्वारा सीवेज की पाइप लाइन डाली गई थी। तब से इसकी देखरेख पीएचई के जिम्मे है। लेकिन रखरखाव नहीं होने की वजह से पुराने शहर के अधिकतर इलाकों में पाइप लाइनें टूट चुकी हैं। रहवासी



नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत करते हैं, तो उनका जबाव होता है कि इसका सुधार कार्य पीएचई करेगा। वहीं पीएचई के अधिकारियों का कहना है कि हमारे पास सीवेज के लिए अलग से बजट नहीं है। सीवेज के लिए नगर निगम में अलग से प्रकोष्ठ बनाया गया है। पूरे शहर में सीवेज कार्य की जिम्मेदारी निगम अधिकारियों की है।

पीएचई के सब इंजीनियर वसीउद्दीन ने बताया कि पुराने शहर में अधिकतर स्थानों पर 40 साल पहले सीवेज की पाइप लाइन डाली गई थी। ये सीमेंट-कांक्रीट की थी। इतने समय में सीवेज की पाइप लाइनें जर्जर हो गई हैं। आए दिन पाइप लाइन फूटने से सीवेज का पानी स?कों पर आ जाता है। नगर निगम अधिकारियों से सीवेज नेटवर्क के नवीनीकरण के लिए बातचीत की जा रही है। पीएचई के पास बजट की कमी है, इसलिए प्रयास किया जा रहा है कि पुराने शहर के बचे हुए इलाकों में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जाए। अभी सीवेज लाइन टूटने व चोक होने से भोईपुरा, बुधवारा, इब्राहिमपुरा, फतेहगढ़, गिन्नौरी समेत अन्य इलाकों में रहवासी परेशान हैं।

### धीरे-धीरे खत्म हो रहा तालाब

पर्यावरणविद डा. सुभाष सी पांडेय का कहना है सीवेज खुले में बहाए जाने और जलस्रोतों में मिलाने से भूजल और तालाब प्रदूषित हो रहे हैं। सीवेज का पानी तालाबों में मिलाने से बीओडी बढ़ जाता है। इसमें ज्यादा खरपतवार उगने से अधिकांश आक्सीजन का उपयोग यही करने लगते हैं। इससे जलीय जीवों को आक्सीजन की कमी होती है। तालाब का इकोसिस्टम बिगड़ता है, बायोडायवर्सिटी नष्ट होती है। यदि इसे नहीं रोका जाता तो तालाब ही धीरे-धीरे खत्म हो सकता है।

### तालाब में जहरीले पानी से मर रहे जलीय जीव

छोटे तालाब में सीवेज व लोगों के घरों का गंदा पानी मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है। इस जहरीले पानी से जलीय जीवों पर संकट पैदा हो रहा है। मरी हुई मछलियां और केंचुए पानी में सड़ रहे हैं। इससे जल और आसपास की आवोहवा प्रदूषित हो रही है।

# पदभार ग्रहण करते ही सक्रिय हुईं नगर परिषद अध्यक्ष



## सीएमओ सहित अधिकारियों की टीम लेकर किया सड़कों का निरीक्षण

कैमोर,यशभारत। नगर परिषद कैमोर की नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के तत्काल बाद से ही नगर की प्रमुख समस्याओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। अध्यक्ष का प्रभार सम्हालते ही उन्होंने बीते शुक्रवार को सीएमओ एवं अधिकारियों की टीम साथ लेकर नगर की मुख्य सड़कों का भ्रमण किया साथ ही प्रस्तावित बसस्टेण्ड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य सड़क के गढ़ढे तीन दिन के भीतर भरे जाने सहित बस स्टैंड का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश सीएमओ को दिये नगर परिषद कार्यालय की दीवारों पर पान-गुटखे की पीक देखकर उन्होंने नाराज़गी जताई तथा परिसर साफ-सुथरा रखने के साथ ही दीवारें गन्दी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर आर्थिक दंड अधिरोपित करने के आदेश दिये। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष संतोष केवट एवं अनेक पार्षद भी उनके साथ रहे।





उल्लेखनीय है कि नगर के वार्ड क्रमांक 10 से निर्वाचित भाजपा पार्षद मनीषा अजय शर्मा कैमोर नगर परिषद की निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। अध्यक्ष निर्वाचित होने के दो दिन बाद बीते बुधवार को ही उपाध्यक्ष एव पार्षदों के साथ परिषद कार्यालय पहुंचकर उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया था। पदभार ग्रहण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, परिषद चुनाव के प्रभारी रहे वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुदीप सिंह बेदी, सह प्रभारी गुलशन ग्रोवर एवं अन्य वरिष्ठ जन कार्यालय में उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत किया। परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों से सौजन्य भेंट के बाद अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने उसी दिन आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कराया तथा आदिवासी बस्ती बरापार पहुंच कर अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ मिलकर पौधे भी रोपे।

रक्षाबन्धन अवकाश के बाद दूसरे दिन सुबह ही अध्यक्ष ने सीएमओ और प्रमुख अधिकारियों के साथ नगर की सड़कों का भ्रमण किया तथा मुख्य सड़क के गढ़ढे तीन दिन के भीतर भरे जाने के आदेश सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा को दिए। नगरं में लगभग डेढ़ साल पहले बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि पूजन विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा किया गया था पर निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने प्रस्तावित निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया तथा बस स्टेण्ड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। कल 13 अगस्त को अध्यक्ष ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास तथा कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही समस्त नगर वासियों से भी 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में राष्ट्र की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा फहराये जाने की अपील की।

### पार्षदों को साथ लेकर विधायक के मार्गदर्शन से करेंगी नगर का विकास

नगर परिषद कैमोर की नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से एक सौजन्य भेंट में कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व्ही डी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के आशीर्वाद से यह दायित्व मिला है। अपने दायित्व का वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करेंगी। विधायक श्री पाठक के मार्गदर्शन में सभी पार्षदों को साथ लेकर नगर का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। रुके हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। नगर परिषद की ओर से नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं को और बेहतर बनाते हुए समस्याओं के निराकरण के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। विकास कार्यों में वार्ड वासियों की राय भी ली जाएगी।

## बरही में भोलेनाथ का तिरंगा श्रृंगार



बरही,यशभारत। समूचे देश में हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर विविध इवेंट आयोजित हो रहे है। इसी कड़ी को आगे बढाते हुए बरही के राजाधिराज भगवान विजयनाथ भोलेनाथ का तिरंगा श्रृंगार कर देशभक्ति का अनुकरणीय संदेश मंदिर कमेटी द्वारा दिया जा रहा है। सामाजिक कार्यक्रमों के साथ ही धार्मिक केंद्र विजयनाथधाम से आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में दिया जा रहा यह संदेश सराहनीय है। भोलेनाथ के तिरंगा श्रृंगार में पगड़ी, झंडा के साथ ही फूलों की सजावट को भी तिरंगा का स्वरूप देने का प्रयास किया गया। गौरतलब है कि पवित्र श्रावण मास में हर दिन भगवान विजयनाथ जी का अलग-अलग अंदाज व स्वरूप में श्रृंगार किया जा रहा है।



## जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी के सदस्यों ने रोपे पौधे

कटनी,यशभारत। जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी कई वर्षों से लगातार मानवता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी श्रृंखला में जॉइंट्स ग्रुप ऑफकटनी मार्बल सिटी समूह द्वारा वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण के लिए एक और सराहनीय सेवा कार्य किया गया। वृक्षारोपण का कार्यक्रम रविवार 7 अगस्त को टेवाइट कॉलेज पिपरौध मैं आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जलन के साथ हुआ। जायंट्स की रीति नीति के अनुसार बेल बजाकर एवं संगठन मंत्र के उच्चारण के साथ अध्यक्ष संचित जैन ने कार्यक्रम के शुरुआत की घोषणा की। सचिव आरती त्रिसोलिया द्वारा आए सभी सदस्य जनों एवं उनके परिजनों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी सदस्यों ने कॉलेज केंपस एवं आसपास की बस्ती में जाकर अनेकों जगह वृक्षारोपण कराया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सदस्यों के साथ आए बच्चों एवं बस्ती के बच्चों को पर्यावरण को संरक्षित रखने एवं उसे आने वाली पीढ़ी के लिए एक धरोहर के रूप में कैसे आगे बढ़ाएं इसकी जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य एमजेएस लांबा का प्राप्त हुआ एवं मुख्यअतिथि महाविद्यालय संस्थापक सुकीर्ति जैन पूर्व विधायक, कटनी एवं प्रचार्य डॉ. जैनेंद्र द्विवेदी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ।

## हर-घर तिरंगे को लेकर तिलक कॉलेज में विशेष सभा





कटनी,यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् हर-घर तिरंगा कार्यक्रम कराये जाने का अभियान जिले में चलाया जा रहा है, इसके लिए महाविद्यालय स्तर पर भी विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे की अध्यक्षता में शासकीय तिलक महावि. कटनी में शिक्षकों तथा छात्रों के बीच एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमे ''तिरंगे के इतिहास एवं महत्व पर चर्चा/व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. व्ही.के.द्विवेदी सह-प्राध्यापक भूगोल द्वारा तिरंगे के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाष डाला, उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज या तिरंगा हम सब भारतीयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये हम सभी को देष के प्रति कर्तव्यों को याद दिलाता है और राष्ट्रीयता तथा देषभक्ति की भावना का वहन कराता है।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज अपने साथ ही भारत की एकता, शांति, समृद्धि और विकास को दर्शाता हुआ दिखाई देता है। कार्यक्रम में डॉ. हेमलता गर्ग ने तिरंगे झण्डे के संबंध में महत्वपूर्ण नियम/तथ्यों से परिचित कराते हुए बताया कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान सर्वोपरि है। इसी के साथ डॉ. चित्रा प्रभात ने आजादी के अमृत महोत्सव मनाये जाने का कारण बताते हुए ध्वज की विकासगाथा पर व्यापक प्रकाष डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम ''हर-घर तिरंगा'' अभियान के तहत सभी षिक्षक एवं छात्र-छात्राएं अपने-अपने घरों में भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झण्डे को फहराने का सौभाग्य प्राप्त करें, उन्होंने आवाहन किया कि आईये हम सभी अपने घरों में सम्मान के साथ तिरंगे को फहराकर भारतीय होने का गौरव महसूस करें। इस कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज सभी नागरिकों को एकजुट करने का कार्य करता है और इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. नाहीद् सिद्दीकी, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, प्रो. ज्योत्सना आठ्या, डॉ. आर.पी.सिंह प्रो. पुनर्वसु भट्टाचार्य, अमित चौधरी तथा महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपनी-अपनी हिस्सेदारी एवं सहभागिता प्रदर्शित की।

**रंग-बिरंगी राखियों की बिखरी छटा**

## सायना में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मना



कटनी,यशभारत। सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए विभिन्न त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है। सायना में श्रावण माह के लोकप्रिय त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर प्रतिवर्ष राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित होती रही है। इस वर्ष भी इस गतिविधि में राखी मेकिंग और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें राखी मेकिंग में कक्षा पहली से पाँचवी तक के बच्चों और मेंहदी प्रतियोगिता में छठवीं से बारहवीं की छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने सुंदर व कलात्मक राखियाँ बनाई। वहीं छात्राओं नें सुंदर डिजायनों में मेंहदी लिखी। निर्णायक की महती भूमिका का निर्वाहन श्रीमती रश्मि सरेचा और श्रीमती रुचि खरे ने किया। सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने बच्चों व उनके अभिभावको को धन्यवाद करते हुए कहा कि अवसर मिलने पर बच्चों की मौलिकता सामने आती है और सायना इसके लिए हर बच्चे को मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती श्वेता पाण्डे ने किया। प्राथमिक विभाग की समन्वयक श्रीमती रीत मोंगा ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है। दूसरे दिन सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में भाई बहन के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्रावासी बच्चों ने शिक्षकों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे व श्रीमती रीत मोंगा ने भगवान गणेश का पूजन कर किया। प्राचार्य ने अपने आशीर्वचन में कहा कि रक्षाबंधन की धार्मिक एवं ऐतिहासिक परम्परा रही है लेकिन वर्तमान समय में नारियों के सम्मान का ध्यान रखा जाना अति आवश्यक है। कला संकाय के विभागाध्यक्ष अभिनव खरे ने रक्षाबंधन के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती सहाना बासू ने भी बच्चों को इस पर्व की आवश्यकता बताई। तदोपरांत सुमधुर गीतों के बीच छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों को राखी बाँधकर मिठाई खिलाई। छात्रों ने भी उनकी रक्षा का वचन दिया। डॉ. लोकेश दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप कुमार झा ने सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



## कामकाज के दौरान रहें तनावमुक्त तो रहेंगे स्वस्थ



कटनी,यशभारत। जीवन में भागदौड़ की जिंदगी के बीच जरूरी है खुशी चाहना हार्टफुलनेस संस्था यही कार्य कर रही है विशेष तौर पर ऐसे लोगों को कामकाज के दौरान खुश रह कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है इसे बता रहा है। कल कटनी पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को हार्टफुलनेस संस्था ने काम काज के दौरान तनाव से दूर रहने के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर डा.श्रीराम पाठकक् डां नरेन्द्र बडखे़ड़कर, आर के अग्रवाल, विकास श्रीवास्तव, सुरेन्द्र जाड़ीवाल, अमित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः– 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com



# चार साल की उम्र से गाना गा रही हैं सुनिधि चौहान

## अब तक तीन हजार गानों को दे चुकी हैं आवाज

मुंबई, एजेंसी। हिंदी सिनेमा की मशहूर गायिका सुनिधि चौहान आज संगीत जगत ही नहीं बल्कि पूरी इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। हर साल 14 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाने वाली सुनिधि चौहान देश- विदेश में खूब नाम कमा चुकी हैं। 1983 में नई दिल्ली में जन्मी सुनिधि इस साल अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुकीं सुनिधि ने हिंदी ही नहीं मराठी, कन्नड़, तेलुगू, तमिल, पंजाबी, असमी, नेपाली और उर्दू भाषा में भी कई गानों को अपनी आवाज दी है। सिंगर के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनके जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में-



वर्तमान में संगीत जगत का चमकता सितारा बन चुकीं सुनिधि चौहान ने अपने करियर की शुरुआत महज 4 साल की छोटी सी उम्र से की थी। सुनिधि के पिता एक थिएटर आर्टिस्ट थे। ऐसे में वह छोटी उम्र में ही स्टेज शो और प्रतियोगिता में हिस्सा लेती थीं। इतना ही नहीं बचपन में वह माता के जगराता में भी गाना गाती थीं। बचपन से ही प्रतिभा की धनी सुनिधि को देख लोग यह जान चुके थे कि वह बड़े होकर एक दिन जरूर सफल होंगी।

सुनिधि की इसी प्रतिभा को अभिनेत्री तबस्सुम ने एक रियलिटी शो के दौरान पहचान लिया था। इसके बाद उन्होंने सिंगर के माता-पिता को मुंबई आने के लिए कहा। सुनिधि ने मुंबई आकर दूरदर्शन के सिंगिंग रियलिटी शो मेरी आवाज सुनो में हिस्सा लिया। इतना ही नहीं इस शो में उन्होंने जीत हासिल करते हुए लता मंगेशकर ट्रॉफी भी अपने नाम की। बस फिर क्या था इस एक सफलता के बाद सुनिधि ने संगीत की दुनिया में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए। इसके बाद 16 साल की उम्र में मशहूर फिल्ममेकर रामगोपाल वर्मा ने उन्हें अपनी फिल्म मस्त में गाना गाने का मौका दिया। इस फिल्म के सभी गाने सुपरहिट साबित हुए। यही नहीं अपनी मधुर आवाज के दम पर सुनिधि अब धीरे-धीरे देश भर में शोहरत हासिल करने लगी थीं। सुनिधि का असली नाम निधि चौहान है, लेकिन कल्याण जी के अकादमी से निकले सभी लोगों का नाम च्सज् से शुरू होता था। यही वजह थी कि निधि आगे चलकर सुनिधि के नाम से जाने गईं। अपने लंबे करियर के दौरान गायिका ने करीब तीन हजार से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी। प्रोफेशनल लाइफ में सफलता के मुकाम तक पहुंच चुकीं सुनिधि के निजी जीवन में काफी उतार-चढ़ाव रहे।

दरअसल सिंगर ने 18 साल की उम्र में परिवार के खिलाफ जाकर खुद से 14 साल बड़े डायरेक्टर बॉबी खान से शादी की थी। हालांकि उनकी यह शादी ज्यादा लंबी नहीं चल सकी और एक साल के अंदर ही दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद उन्होंने नौ साल बाद म्यूजिक कंपोजर हितेश सोनिक संग सात फेरे लिए। अभिनेत्री के दूसरे पति भी उनसे 14 साल बड़े हैं। हालांकि वह दोनों बचपन से दोस्त हैं। दूसरी शादी के बाद जनवरी 2018 में उन्होंने बेटे तह को जन्म दिया। पिछले वर्षों में हितेश और सुनिधि के बीच भी तलाक की खबरें सामने आ रही थीं, लेकिन बाद में कंपोजर ने इन खबरों को महज अफवाह बता कर खारिज कर दिया था।

# देवा देवा गाने पर रणबीर कपूर को झूमते देख आलिया को आया प्यार, लिखा- तुम मेरी जिंदगी



मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर की फिल्म च्ब्रह्मास्त्रज् इन दिनों लगातार लाइमलाइट में बनी हुई है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे मेकर्स दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिल्म से जुड़ी चीजें साझा कर रहे हैं, ताकि रिलीज के समय तक इसको लेकर बज बना रहे। हाल ही में इस फिल्म का नया गाना च्देवा देवाज् रिलीज कर दिया गया है, जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के अपोजिट आलिया भट्ट भी हैं और आज एक्ट्रेस ने इस गाने का अलग अंदाज में प्रमोशन किया है या यूं कहें कि वह पति रणबीर कपूर पर प्यार बरसाती नजर आ रही हैं।



### आलिया ने लुटाया पति रणबीर पर प्यार

बताया जाता है कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने एक दूसरे को दिल दे दिया था। इसके बाद कपल ने जिंदगी भर साथ निभाने का फैसला कर शादी के बंधन में बंध गए। दोनों किसी ने किसी बात को लेकर चर्चा में बने रहते हैं, इन दिनों आलिया भट्ट च्ब्रह्मास्त्रज् के साथ ही निजी जिंदगी में अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। फिलहाल च्देवा देवाज् गाने पर रणबीर कपूर को झूमते देख आलिया भट्ट ने उन पर प्यार बरसाया है।

### देवा देवा पर झूमते दिखे रणबीर कपूर

आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो क्लिप साझा की है, जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर को हरी-भरी वादियों के बीच च्देवा देवाज् गाने पर झूमते देखा जा सकता है। इस वीडियो को शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने पति रणबीर कपूर के लिए कैप्शन में लिखा- च्मेरी जिंदगी की रोशनी ।



# उर्वशी रौतेला का वन पीस में कातिलाना अंदाज

## एक्ट्रेस की फोटोज देख फैंस ने किए ऐसे कमेंट

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की बेहद खूबसूरत और फेमस एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने कातिलाना अंदाज से इंटरनेट का आए दिन पारा बढ़ाती रहती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं जो कि काफी वायरल हो रही हैं। बता दें कि उर्वशी बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। वे अपने ग्लैमरस अंदाज और शानदार फैशन के लिए जानी जाती हैं। सामने आई उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में वे काफी सिजलिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उर्वशी का ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे उनकी तारीफ में तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

बता दें कि हाल ही में सामने आई उर्वशी की फोटोज उनके लेटेस्ट फोटोशूट की है। ये तस्वीरें उर्वशी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उर्वशी की इन लेटेस्ट फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है। उर्वशी ने एक वन पीस ड्रेस पहन रखी है। जो कि शिमरी नजर आ रही है। उर्वशी की ये ड्रेस और उनका ये लुक फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराने के लिए काफी है। इतना ही नहीं अपनी हॉट अदाओं से उर्वशी ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# रॉस टेलर का RR के मालिकों पर बड़ा आरोप:जीरो पर आउट होने पर मुझे थप्पड़ मारकर बोले- तुम्हें करोड़ो रुपए आउट होने के लिए नहीं दिए



**मुंबई एजेंसी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने ढ्ढक्करुफ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मलिकों पर बड़ा आरोप लगाया है। 38 साल के इस कीवी बल्लेबाज ने कहा है कि जब मैं शून्य पर आउट हो गया था तो राजस्थान रॉयल्स के मालिक ने मुझे थप्पड़ मारे।**

टेलर ने यह सनसनीखेज खुलासे अपनी आत्मकथा में किए हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में प्रकाशित ब्लैक एंड व्हाइट नाम की बुक में टेलर ने आईपीएल में अपने साथ हुई एक अप्रिय घटना के बारे में बताया है। अपनी बुक में टेलर ने लिखा- च्राजस्थान रॉयल्स के मालिकों में से एक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी के साथ उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें चेहरे पर थप्पड़ मारा था। क्योंकि वह पंजाब किंग्स (किंग्स इलेवन पंजाब) के खिलाफ हुए मैच में जीरो पर आउट हो गए थे। हालांकि उन्होंने ये भी बताया कि थप्पड़ जोर से नहीं मारा गया था, लेकिन उन्हें ये मजाक जैसा भी नहीं लगा। रॉयल्स के मालिकों में से एक ने मुझसे कहा कि रॉस, हमने आपको जीरो पर आउट होने के लिए एक मिलियन डॉलर का भुगतान नहीं किया और मुझे तीन या चार बार चेहरे पर थप्पड़ मारा।ज्

### खराब शॉट पर च्गंदे शब्दज्

उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट के नस्लवाद को भी उजागर किया। टेलर ने लिखा कि वहां मुझे भारतीय समझते थे और साथी खिला ?ी ड्रेसिंग रूम में मुझे बंदर कहते थे। इतना ही नहीं, टेलर ने लिखा कि कई बार जब मैं खराब शॉट खेलता था तो उस पर बहुत ही गंदे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि उसी तरह के शॉट पर टीम के बाकी बल्लेबाजों के लिए ऐसा कुछ नहीं कहा जाता था।

मोहाली में हुआ था मुकाबला

वह मुकाबला पंजाब और राजस्थान के बीच का मुकाबला मोहाली में खेला गया था। 195 रनों का पीछा करते हुए मैं जीरो पर आउट हो गया और हम लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और टीम प्रबंधन होटल की सबसे ऊपरी मंजिल पर मौजूद बार में थे।

### 50 से अधिक मैच खेल चुके हैं टेलर

रॉस टेलर ढ्ढक्करुमें 55 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 1017 रन बनाए हैं। उनके नाम 3 अर्धशतक भी हैं। वे दिल्ली कैपिटल्स, पुणे वॉरियर्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए खेल चुके हैं।

# जिम्बाब्वे दौरे में केएल राहुल होंगे भारतीय टीम के कप्तान, शिखर धवन को बनाया उपकप्तान

### वनडे सीरीज के लिए जिम्बाब्वे पहुंची टीम इंडिया

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे पहुंच चुकी हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के हरारे एयरपोर्ट पर पहुंचे का वीडियो शेयर किया है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के रवाना के फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। टीम इंडिया शनिवार सुबह जिम्बाब्वे के लिए रवाना हुई थी। टीम को वहां पर तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जिम्बाब्वे दौरे पर टीम में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने शिखर धवन की जगह टीम की कमान केएल राहुल को सौंपी है। केएल राहुल ने जैसे ही अपनी फिटनेस साबित की, बीसीसीआई ने उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी थमा दी। आपको बता दें कि ज्म्बिाब्वे दौरे के लिए 30 जुलाई को भारतीय टीम का चयन हुआ था, जिसमें शिखर धवन को कप्तान बनाया गया था। अब जब राहुल फटि हो गए हैं तो चयनकर्ताओं ने उन्हें फौरन कप्तानी सौंप दी।

आपको बता दें कि टीम के नये कप्तान राहुल ने आईपीएल 2022 के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। वहीं उन्हें एशिया कप 2022 के लिए भारतीय टीम की उपकप्तानी भी पहले ही सौंपी जा चुकी है। वहीं शिखर धवन ने हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी की थी और कैरेबियाई धरती पर पहली बार वनडे में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। जाहिर है क्चष्टष्ढ्ढ रोहित शर्मा के विकल्प के तौर पर केएल राहुल को तैयार करना चाहता है, और इस वजह से उन्हें लगातार मौके दिये जा रहे हैं।

### चोट की वजह से रहे बाहर


केएल राहुल साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ़ पांच टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम के कप्तान नियुक्त किए गए थे, लेकिन जांघ की चोट के कारण उन्हें सीरीज़ से बाहर



होना पड़ा था। इस दौरान जून में उनकी स्पोर्ट्स हार्निया की सर्जरी हुई। इन सब वजहों से वह लंबे समय से टीम से बाहर रहे और आईपीएल 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका सीरीज और इंग्लैंड दौरे में भी नहीं खेल पाए। इसके बाद वह वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ टी20 सीरीज़ के लिए फटि दिखाई दे रहे थे कि तभी उन्हें कोरोना हो गया। अब फिट होने के बाद उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज की कप्तानी सौंपी गई है।

बड़े खिलाड़ियों को आराम, नये खिलाड़ियों को मौका इस सीरीज से बड़े खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

# कोरोना का टीका नहीं लगवाना नोवाक जोकोविच को पड़ा भारी, सिनसिनाटी ओपन से बाहर किए गए



सिनसिनाटी, एजेंसी। 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण अमेरिका की यात्रा नहीं कर सकेंगे और इसी वजह से सिनसिनाटी ओपन हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से उन्हें पीछे हटना पड़ा। वह इस साल अमेरिकी ओपन भी नहीं खेल पायेंगे जो न्यूयॉर्क में 29 अगस्त से शुरू हो रहा है।सर्बिया के 35 वर्ष के जोकोविच पहले भी कह चुके हैं कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिये टीका नहीं लगवाएंगे। इसी वजह से वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और अमेरिका में दो टूर्नामेंट नहीं खेल सके। मांट्रियल में चल रहे टूर्नामेंट से भी वह बाहर हैं क्योंकि अमेरिका और कनाडा में उन्हें प्रवेश वर्जित है जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, गाएल मोंफिल्स, रीली ओपेल्का और डोमिनिक थीम भी चोट के कारण नहीं खेलेंगे। सेरेना विलियम्स यहां खेल रही है और टूर पर यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं WFI, होगी समीक्षा

**,नई दिल्ली एजेंसी। राष्ट्रीय महासंघ हाल में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में चार भारतीय महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं है कि वे ड्रा में कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद फायदा नहीं उठा सकीं और स्वर्ण पदक से चूक गयीं। राष्ट्रमंडल खेलों में सभी 12 पहलवानों ने पदक जीते जिसमें से छह ने स्वर्ण, एक ने रजत और पांच ने कांस्य पदक अपने नाम किये। महिलाओं में केवल विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ही स्वर्ण पदक जीत सकी थीं जबकि अंशु मलिक स्वर्ण पदक की दावेदार होने के बावजूद 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक लेकर लौटीं।**

पूजा गहलोत (50 किग्रा), दिव्या काकरान (68 किग्रा) और पूजा सिहाग (76 किग्रा) ने कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद कांस्य पदक जीते। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में केवल छह पहलवानों ने हिस्सा लिया जिसमें पूजा कनाडा की मेडिसन बियांका पार्क्स से हार गयीं और उन्होंने प्लेऑफ में कांस्य पदक जीता। वहीं 76 किग्रा में केवल आठ पहलवान जबकि 68 किग्रा वर्ग में नौ पहलवान थीं, जिसमें बांग्लादेश, मौरिशस, कैमरून, टोंगा और न्यूजीलैंड जैसे देश की पहलवान शामिल थीं। केवल दिव्या के सामने 68 किग्रा में नाईजीरिया की ब्लेसिंग ओब्रूडूडू जैसी मजबूत पहलवान की चुनौती थी जो टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता हैं। दिव्या एक भी अंक नहीं जुटा सकीं और फिर उन्होंने कैमरून की कमजोर पहलवान ब्लानडिन नयेह एनगिरी को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के लिये सबसे बड़ी निराशा प्रतिभाशाली अंशु मलिक का स्वर्ण पदक नहीं जीत पाना रही। अंशु मलिक के सामने फाइनल में अफ्रीकी चैम्पियन ओडुनाओ फोलासाडे एडेकुओरोये की चुनौती थी जो उनसे सात साल बड़ी हैं। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, च्हमारी महिला पहलवानों का यह अच्छा प्रदर्शन नहीं था। अगर आप कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद पदक नहीं जीत पा रहे हो तो इससे आपका प्रदर्शन दिखायी देता है।उन्होंने कहा, च्हम पहलवानों के साथ बैठकर उनके प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। अंशु अपने से कहीं बड़ी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सही दांव नहीं लगा सकी। पहलवानों को इसके बारे में सोचना चाहिए। अधिकारी ने कहा, च्भारत निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों में च्पावरहाउसज् है लेकिन मुझे लगता है कि यह हमारे नतीजों से सही से दिखायी नहीं दे रहा।पुरूषों के वर्ग में हालांकि प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप रहा जिसमें बजरंग पूनिया (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा), नवीन (74 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि दीपक नेहरा (97 किग्रा) और मोहित ग्रेवाल (125 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। डब्ल्यूएफआई 25 अगस्त को रोहतक में आम सालाना बैठक करेगा जिसमें अगले साल की जूनियर और सीनियर चैम्पियनशिप के मेजबान चुने जायेंगे।

ष्टङ्खत्र सिल्वर मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर एंडरसन पीटर्स पर हुआ जानलेवा हमला, 5 लोगों ने मारपीट के बाद नाव से फेंका; नई नई दिल्ली, एजेंसी। भाला फेंक खिलाड़ी ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स पर अज्ञात लोगों ने हमला करके घायल कर दिया है। पीटर्स एक क्रूज पर थे, जिस पर एक पार्टी चल रही थी और इस दौरान पांच लोगों ने उन्हें पीटकर बोट से बाहर फेंक दिया गया। ये घटना बुधवार को हुई। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में 24 वर्षीय एंडरसन पीटर्स को 5 लोग पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लड़ाई के दौरान ही उनको नाव से नीचे फेंक दिया गया। ग्रेनाडा ओलंपिक समिति के अनुसार पीटर्स का ट्रीटमेंट चल रहा है। इनसाइड द गेम्स के अनुसार, रॉयल ग्रेनेडा पुलिस फोर्स कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने पीटर्स वाले पर हमले की जांच कर रही है और नाव के चालक दल के सदस्य जांच में सहायता कर रहे हैं। ग्रेनेडा ओलंपिक समिति ने गुरुवार को एक बयान जारी कर हमले की निंदा की। बयान में कहा कि हम उनके ठीक होने में अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं और मामले के शीघ्र समाधान की आशा करते हैं। 24 वर्षीय पीटर्स ने जुलाई में यूजीन में 90.54 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के 88.13 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास को पीछे छोड़ते हुए अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

# एमआईसी पर पेंच: भाजपा का इंकार कांग्रेस ने कमलनाथ पर छोड़ा निर्णय

## कम से कम 5 पार्षद चाहिए एमआईसी के लिए 3 निर्दलीय राजी भी हुए तब भी 2 कम

**कटनी,यशभारत। नगर निगम में मेयर इन काउंसिल के गठन के मामले में बहुत विचित्र स्थिति पैदा हो गई है। निर्दलीय मेयर प्रीति सूरी के मंत्रिमंडल में शामिल होने से भाजपा ने साफइंकार कर दिया है। कांग्रेस खेमे से भी यही खबर आ रही है कि पार्टी के पार्षद एमआईसी का हिस्सा नहीं बनेंगे। कांग्रेस पार्षद हालांकि इस मामले में प्रदेश कांग्रेस के दिशा निर्देश का इंतजार कर रहे हैं, तथापि अब तक तो कांग्रेस पार्षदों से किसी ने संपर्क नहीं किया है। जानकारों का मानना है कि स्थिति यही रही तो कल के बाद सारे अधिकार परिषद को चले जायेंगेए क्योंकि नियमानुसार शपथ ग्रहण से एक सप्ताह तक मेयर इन काउंसिल का गठन हो जाना चाहिए और कल 15 अगस्त को यह अवधि पूरी हो रही है। उधर इस सिलसिले में जब महापौर प्रीति सूरी से बात की गई तो उनका कहना था कि एमआईसी बनकर तैयार हो चुकी हैं और समय आने पर सदस्यों के नाम सबके सामने होंगे।**

कटनी नगर निगम में इस बार चुनाव के बाद से ही फिज़ा बदली हुई नजर आ रही है। जनता ने प्रीति सूरी को सर्वाधिक वोट देकर मेयर तो चुन लिया लेकिन सबको साथ लेकर चलते हुए अब निगम के रोजमर्रा के कामकाज को सम्हालना उनके लिए किसी चुनौती से कम नही। कामकाज में उन्हें हर दिन पार्षदों का साथ चाहिए। फिलहाल तो जो सबसे जरूरी काम हैए वो है शहर सरकार के मंत्रिमंडल का जो दलगत राजनीति में उलझकर रह गया है। अपने अपने दलों की गाइड लाइन के मुताबिक भाजपा और कांग्रेस के पार्षद महापौर परिषद का हिस्सा बनना नही चाहतेए ऐसी स्थिति में मेयर इन काउंसिल का गठन कैसे होगाए यह किसी रहस्य से कम नही। नगर निगम अधिनियम के जानकारों के मुताबिक एमआईसी के लिए कम से कम पांच और अधिकतम दस पार्षदों का साथ होना अनिवार्य है। पांच से कम पार्षद होने पर एमआईसी का गठन नही हो सकेगा। जाहिर है मेयर को अपनी टीम बनाने के लिए कांग्रेस या भाजपा के पार्षदों का साथ हर हाल में चाहिए होगा। जानकारों का कहना है कि यदि केवल निर्दलीय पार्षदों को शामिल कर एमआईसी गठन किया जाए तब भी उनकी संख्या केवल तीन है। निर्दलीय पार्षदों की स्थिति भी क्लियर नही है कि वे भाजपा के निर्णय को मानकर मेयर इन काउंसिल से दूर ही रहना चाहते हैं या फिर खुद की इच्छा से महापौर परिषद का हिस्सा बनने को तैयार हैं। वैसे नगर निगम अध्यक्ष के चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा को समर्थन दिया था और इंद्र पैलेस में हुई बीजेपी पार्षदों की बैठक में भी शामिल हुए थे। इस दौरान खबर यह आई की सभी निर्दलीय पार्षदों ने अधिकृत तौर पर भाजपा का दामन थाम लिया है पर अलग अलग बातचीत में निर्दलीय पार्षद खुदको बीजेपी का मानने से इंकार भी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ये तीनों भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद मेयर प्रीति सूरी के संपर्क में भी हैं और हो सकता है ये मेयर इन काउंसिल में दिखलाई भी पड़ जाएंए किंतु इनके अलावा कम से कम दो और पार्षद कौन होंगे इस पर भी लोगों की निगाह लगी है।

## आज आखिरी दिन नही हुआ गठन तो नगर निगम परिषद को मिल जायेंगे सारे अधिकार

### कल तक नाम आ जायेंगे सामने- मेयर



इस सिलसिले में महापौर प्रीति सूरी का कहना है कि कल तक मेयर इन काउंसिल के रहस्य से पर्दा उठ जाएगा। उन्होंने लिफाफे में बंद करके नाम भेज दिए हैं। मेयर का कहना है कि शहर के विकास में वो सबका साथ चाहती हैं। कोई दूरी बनाना चाहता है तो ये उसका फैसला है।

### भाजपा शामिल नहीं होगी - पायल

इस सिलसिले में भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल का कहना है कि भाजपा के पार्षद मेयर इन काउंसिल में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन में ऐसा कोई विषय ही नही आया।

### कांग्रेस से अब तक संपर्क नहीं- मौसूफ

उधर इस मामले में कांग्रेस भी अब तक तटस्थ बनी हुई है। कांग्रेस पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू का कहना है कि अब तक एम आई सी गठन के मामले में किसी ने भी कांग्रेस से संपर्क नहीं किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मुखिया कमलनाथ और कटनी के संगठन प्रभारी रमेश चौधरी के जो भी निर्देश होंगे उसके अनुसार ही निर्णय लिए जायेंगे।



## तीज-त्यौहार की तरह मनाएं आजादी की 75वीं सालगिरह का जश्न- विधायक

**कटनी, यशभारत।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत सरकार के आव्हान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर लोग राष्ट्रीय ध्वज फ्हरा रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने शनिवार को अपने पाठक वार्ड स्थित निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विधायक श्री पाठक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सशुल्क राष्ट्रीय ध्वज लेकर घर-घर तिरंगा फहराने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम अपने बच्चों का जन्मदिन, शादी की सालगिरह, तीज-त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं, उसी तरह से हम सभी अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने का जश्न भी हर्ष उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने सभी से अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान में तिरंगा फहराने की अपील भी की।

## दिनदहाड़े मकान के अंदर से मोबाइल व पर्स ले गए बदमाश

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के नईबस्ती क्षेत्र में दिनदहाड़े घर के अंदर से मोबाइल व पर्स चोरी जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नईबस्ती क्षेत्र निवासी वासू पिता राजेश कुमार गुप्ता के मकान में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश घुसे और अंदर से एक एप्पल कंपनी का मोबाइल और पर्स लेकर चंपत हो गए। पर्स में दो हजार रूपए नगद सहित आधारकार्ड व ड्रायविंग लाइसेंस रखा था। चोरी कुल 70 हजार रूपए की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बेलगाम ट्रक ने किशोरी को कुचला

## बाइक में माता-पिता के साथ लौट रही थी घर, चाका बायपास मार्ग पर यूपी का परिवार हुआ हादसे का शिकार



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत चाका से पीरबाबा बायपास मार्ग पर एक बेलगामा ट्रक ने मोटर सायकल सवार दंपत्ति को टक्कर मार दिया। बाइक में ट्रक की टक्कर लगने से पति-पत्नी सड़क किनारे फिका गए जबकि बेटी सड़क में आ गई और दानवी गति से भाग रहा ट्रक किशोरी को रौंदते हुए निकल गया। जिसके कारण किशोरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पति-पत्नी को सामान्य चोट लगी है। सूचना पर कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले को जांच में लिया है।

कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि उत्तरप्रदेश के कोसाम्बी जिले पश्चिम सरीरा थाना अंतर्गत ग्राम चंदेराई निवासी मोहम्मद हाकिम मोटर सायकल क्रमांक यू.पी.73डब्ल्यू-8276 से पत्नी व बेटी मुस्कान के साथ जबलपुर की ओर से घर लौट रहा था। इसी दौरान शनिवार की दोपहर एक बजे के लगभग चाका-पीरबाबा बायपास मार्ग पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने मैहर से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सी.जी.07सीए-2059 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को कट मार दिया। जिसके कारण मोटर सायकल सड़क में गिर गई और उसमें सवार पति-पत्नी सड़क की सोल्डर की तरफ फिका गए जबकि 12 वर्षीय मुस्कान सीधे सड़क में गिरी और ट्रक सीधे किशोरी के ऊपर से निकल गया। जिसके कारण किशोरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर खड़ा कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को जप्त करते हुए चालक के विरूद्ध धारा 304ए तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बीच शहर पेट्रोल टैंकर में भड़की आग

## गर्ग चौराहा में बड़ा हादसा टला



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के गर्ग चौराहा क्षेत्र में गतदिवस उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जब एकाएक राह चलते पेट्रोल टैंकर में आग भड़क गई। यह तो गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वरना बीच शहर बड़ा हादसा घटित हो चुका था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक कंपनी का पेट्रोल टैंकर गतदिवस गर्ग चौराहा क्षेत्र से गुजर रहा था। जैसे ही टैंकर गर्ग चौराहा के समीप पहुंचा तभी उसमें आग भड़क गई। बताया जा रहा कि धीरे-धीरे आग बढ़ने लगी तो चालक ने तत्काल कंपनी को सूचना दी। एक पानी का टैंकर पहुंचा और तत्काल आग पर काबू पाया गया। हैरानी की बात तो यह है कि बीच शहर टैंकर में आग लगी और इसकी सूचना न तो पुलिस को दी गई और न ही फायर विभाग को। फायर ब्रिगेड प्रभारी शैलेंद्र दुबे ने बताया कि ग्रेड सेपरेटर बनाने वाली एलएनटी कंपनी के एक कर्मचारी दोपहर में कार्यालय पहुंचे और बताया कि सुबह टैंकर में आग लग गई थी। आप लोग अपने कंट्रोल रूम में नंबर दे दीजिए ताकि कभी कोई हादसा होने पर सूचना दे दें। वहीं इस मामले को लेकर कोतवाली टीआइ अजय सिंह ने बताया कि उन्हें घटना के संबंध में कोई जानकारी नही हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि ट्रक में भयंकर तरीके से आग भड़क गई थी, यह तो गनीमत रही कि टैंकर में विस्फोट के पहले ही आग पर काबू पा लिया गया वरना गंभीर हादसा हो जाता। गर्ग चौराहा में कई शोरूम, दुकानें व पूरा मार्केट लगा हुआ है। रहवासी इलाका भी है, आग भड़कती तो गंभीर हादसा होता।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह फारेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस मौके पर देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## युवक फांसी पर झूले

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद व रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत दो युवकों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पड़रभटा निवासी 25 वर्षीय सुरेन्द्र पिता कंछेदीलाल चौधरी के द्वारा ग्राम बनेहरी स्थित सागौन नर्सरी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उसकी लाश नर्सरी स्थित एक पेड़ के सहारे फंदे पर लटकी हुई बरामद की गई। इसी प्रकार रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी 22 वर्षीय दीपक पिता अजय लोधी के द्वारा भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। दोनों ही मामलों में आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

## दुर्घटना में युवक व महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** बाकल व ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल युवक व महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाकल थाना अंतर्गत ग्राम मोहतरा निवासी रमेश कुमार पटेल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसके कारण उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम परसेल निवासी 26 वर्षीय सोमवती बाई पति रामसुतार गौड़ भी गतदिवस ग्राम बिचुआ में सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# विवेचना की बारीकियों से अवगत हुए जीआरपी के प्रधान आरक्षक

## इंडक्शन प्रोग्राम के तहत स्टेशन के वीआइपी कक्ष में थाना प्रभारी ने दिया विवेचकों को प्रशिक्षण



**कटनी, यशभारत।** इंडक्शन प्रोग्राम के तहत शनिवार को मुख्य रेलवे स्टेशन के वीआइपी कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीआइपी कक्ष में जीआरपी के सभी प्रधान आरक्षकों (विवेचकों) को जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान किस तरह से आरोपियों की गिरफ्तारी करना है, मामलों की जांच करना है। रिपोर्ट किस तरह से तैयार करनी है आदि संबंध में बारीकी से बताया गया। सामग्री, शराब, मादक पदार्थ आदि जप्ती संबंधी कार्रवाई में किन-किन बातों का ध्यान रखना है यह बताया गया। ट्रेनिंग में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान टीआइ ने माइनर एक्ट की कार्रवाई के संबंध में विस्तार से बताया। थानों व चौकी का संचालन, रजिस्टरों का संधारण, निगरानी बदमाशों की जांच करने के संबंध में जानकारी दी गई। बॉडीवॉल कैमरों के संबंध में भी बताया गया। मैडल डिटेक्टर से जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान थानों में पहुंचने वाले फरियादियों से किस तरह का व्यवहार करना है यह बताया गया। पीड़ित को थाने में अच्छे से सुना जाए, उसकी शिकायत को गंभीरता से लिया जाए आदि विषय पर जानकारी दी।

### लोगों को किया जागरुक

प्रशिक्षण के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली रेलवे परिसर, प्लेटफार्म, स्टेशन के आउटर, सर्कुलेटिंग एरिया, आसपास के क्षेत्र में भ्रमण की। लोगों को घर-घर तिरंगा फ्हराते हुए धूमधाम से आजादी का अमृत महोत्सव मनाने पर चर्चा की गई।

## सुर्खी टैंक में मिली अज्ञात युवक की लाश

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत सुर्खी टैंक मेड के ऊपर एक युवक का शव मिला है। एनकेजे थाना में सदस्थ सहायक उपनिरीक्षक दयाराम बर्मन ने बताया कि हजारी लाल कोल निवासी सुर्खी टैंक ने सूचना दी है कि डैम के मेड़ में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

# कैलवाराकला से ट्रक चोरी



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवाराकला से 8 लाख रूपए कीमती ट्रक चोरी जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कैलवाराकला निवासी मृत्यु पिता प्रमोद पटेल के ट्रक क्रमांक एम.पी.19एचए-1013 को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रक की कीमत 8 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकरी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740

a Sainik Conduct Disciplined Degree College Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें
Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)